केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 173 शनिवार 13 जनवरी 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### स्वामी विवेकानन्द के जीवन से प्रेरणा ले युवा



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । टाउन क्लब में राष्ट्रीय युवा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी जगदीश शुक्ला ने स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होने अपने उद्बोधान में कहा कि 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है, इस दिन स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती के रूप में मनाते है। इसके साथ ही स्वामी विवेकानन्द के जीवन और शिक्षाओं को युवाओं के बीच पहुँचाने का काम किया जाता है, जिससे युवाओं के अन्दर देशभक्ति की भावनाओं को जगाया जा सके।

विशिष्ट अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पाण्डेय ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें इनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और इनके सिद्धांतो को जीवन में उतारना चाहिए। जिला युवा अधिकारी ने कहा कि देश का भविष्य देश के युवाओं पर निर्भर करता है। देश के विकास में उनका अहम योगदान होता है, ऐसे में यह बेहद जरूरी हो जाता है कि युवाओं को सही मार्गदर्शन मिलें। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है।

इस अवसर पर आर्य वीर दल एवं स्कूलों के बालक–बालिकाओं द्वारा सूर्य नमस्कार, मण्डूक आसन सहित अलग–अलग गतिविधियों के माध्यम से कार्यक्रम संचालित किया गया और उनको प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन पंकज त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस दौरान जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सिद्धार्थ नगर रोशनी श्रीवास्तव, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष श्री कैलाश नाथ दुबे, विकास समिति सचिव बृहस्पति पाण्डेय, एनवाईवी प्रभारी अरूण कुमार तथा एसडीएस पब्लिक स्कूल खड़उवा, सावित्री विद्या विहार, ओमनी इंटरनेशनल स्कूल संसारपुर के छात्र–छात्रा उपस्थित रहें।

### छात्रवृत्ति के लिये आवेदन 14 तक

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । वित्तीय वर्ष 2023–24 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9–10) योजना में छात्र–छात्राओं हेतु आनलाइन आवेदन करने की तिथि दिनांक 14 जनवरी एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत दिनांक 18 जनवरी 2024 तक निर्धारित है। उक्त जानकारी पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी रेखा गुप्ता ने दी है। उन्होने बताया कि छात्र द्वारा त्रुटियों को सुधार करने व फाइनल प्रिन्ट आउट निकालने से पूर्व 03 कार्य दिवसों में आनलाइन आवेदनों में हुई त्रुटियों को सुधार कर फाइनल प्रिन्ट निकाल सकेगें।

उन्होने बताया कि आवेदन पत्र भरने के 07 दिन के अन्दर पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9–10) योजनान्तर्गत विलम्बतम दिनांक 18 जनवरी एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत विलम्बतम दिनांक 22 जनवरी 2024 तक हार्डकापी छात्र–छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नकों सहित विद्यालय में जमा किया जायेगा। सम्बन्धित शिक्षण संस्थायें पूर्वदशम (कक्षा 9–10) 19 जनवरी एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत दिनांक 23 जनवरी 2024 तक छात्र–छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कापी एवं संलग्न अभिलेखों से छात्र–छात्राओं के समस्त विवरण का विद्यालय द्वारा मिलान किया जायेगा एवं आनलाइन आवेदन प्राप्त करना तथा अपात्र छात्रों का डाटा निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जायेंगा।

# पीएम मोदी ने किया अटल सेतु का उद्घाटन



**मुम्बई (आभा)।** पीएम मोदी ने महाराष्ट्र में अटल बिहारी वाजपेयी सेवारी–न्हावा शेवा अटल सेतु का उद्घाटन किया। इस दौरान मंच पर महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे समेत दोनों डिप्टी सीएम अजित पवार और देवेंद्र फड़नवीस के साथ ही राज्यपाल रमेश बैस भी मौजूद रहे। 17,840 करोड़ रुपये से अधिक की कुल लागत से निर्मित 21.8 किमी लंबे मुंबई ट्रांसहार्बर लिंक को 'अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी– न्हावा शेवा अटल सेतुश नाम दिया गया है।

इसके बाद पीएम मोदी नवीं मुंबई पहुंचे। यहां उन्होंने महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़नवीस और अजीत पवार के साथ रोड़ शो किया। रोड़ शो के दौरान उन्होंने वहां एकत्रित भीड़ का आभार जताया। रोड़ शो के बाद पीएम ने नवी मुंबई में 12,700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

पीएम नरेंद्र मोदी इसके बाद नवी मुंबई पहुंचे। यहां एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पहले लोगों का उद्घाटन किया। साथ ही ईस्टर्न फ्रीवे के ऑरेंज गेट को मरीन ड्राइव से जोड़ने वाली भूमिगत सड़क सुरंग की आधारशिला रखने और अन्य कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। इनमें उरण रेलवे स्टेशन से खारकोपर तक चलने वाली ईएमयू ट्रेन नमो महिला सशक्तीकरण अभियान का शुभारंभ शामिल है।

## घर-घर पहुंच रहा है श्रीराम लला का पूजित अक्षत: 22 को मनायेंगे आनन्दोत्सव



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रामभक्तों और श्रद्धालुओं को निमंत्रण देने का अभियान निरन्तर जारी है। पूजित अक्षत पाकर लोगों में प्रसन्नता है। विभाग प्रचारक अजय नारायण ने बताया कि जनपद के शहर व ग्रामीण इलाकों में पूजित अक्षत वितरण अभियान कार्यक्रम के तहत घर–घर अक्षत, रामलला के विग्रह का चित्र व आमंत्रण पत्र देकर 22 जनवरी को आनंदोत्सव मनाने का आग्रह किया जा रहा है।

जिला प्रचारक राज कुमार ,सह जिला कार्यवाह प्रमोद ,खंड कार्यवाह अखिलेश सिंह ,शैलेश सिंह, पंकज द्विवेदी , संतोष द्विवेदी रिंकू सिंह , प्रदीप सिंह ,चट्टान सिंह ,विवेक जायसवाल, राम विशाल पाठक भाजपा नेता सिद्धार्थ शंकर मिश्र, आदि ने जयघोष के साथ विक्रमजोत विकास खण्ड क्षेत्र के हिलसी, सियरापुर,देवखर, खेसुआ,सिरौली बाबू , अमोढा बाजार आदि गांवों में पूजित अक्षत वितरित कर 22 जनवरी को आन्दोसव मनाने का आग्रह किया।

अक्षत वितरण अभियान में बांटे जा रहे आमंत्रण पत्रक के माध्यम से भक्तों को अवगत करा रहे हैं। पत्रक के पिछले हिस्से में मंदिर के स्वरूप व इसकी विशेषताओं की जानकारी दी गई है। पत्रक में बताया गया है कि 32 सीढ़ियां चढ़कर भक्तों को रामलला के दर्शन प्राप्त होंगे। मंदिर में बनने वाले अन्य प्रकल्पों, मंदिर की भी जानकारी दी गई है। कार्यकर्ता लोगों से 22 जनवरी को पूजा, कीर्तन करने व शाम को भव्य दीपावली मनाने का आग्रह कर रहे हैं।

## गोपाल कृष्ण अग्रवाल दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के सदस्य नामित



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। टेक्नालोजी कमेटी नैब इण्डिया मुम्बई के सह अध्यक्ष एवं शिक्षित युवा समिति के निदेशक गोपाल कृष्ण अग्रवाल को जगदगुरू राम भद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय का सदस्य नामित किया गया है।

पिछले तीन दशक से दिव्यांगता के क्षेत्र में सक्रिय निदेशक गोपाल कृष्ण अग्रवाल को जगदगुरू राम भद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय का सदस्य नामित किये जाने पर विनोद उपाध्याय,पूनम सिंह, राम सुरेश, चांदनी त्रिपाठी, रामजी शुक्ल, चन्द्रेश्वर प्रसाद मिश्र, अनुसुईया देवी, जितेन्द्र श्रीवास्तव, अमर सिंह, राकेश कुमार सोनी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## युवाओं ने लिया अयोध्या के स्वच्छता का संकल्प




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

भानपुर, (बस्ती)। युवा दिवस के उपलक्ष्य में नगर विकास विभाग आह्वान पर भानपुर नगर पंचायत के द्वारा उकड़ा हनुमान मंदिर पर स्वच्छता के लिए एकजुटता कार्यक्रम ' योद्धा ' का आयोजन किया गया।

शुक्रवार को भानपुर नगर पंचायत क्षेत्र के उकड़ा हनुमान मंदिर पर नगर पंचायत तथा स्थानीय लोगों ने प्रदेश सरकार के नगर विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान अयोध्या की स्वच्छता के लिए एकजुटता कार्यक्रम के तहत अपने क्षेत्र के साथ ही अयोध्या की स्वच्छता का शपथ लिया गया। अधिशाषी अधिकारी ऋचा सिंह,भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य नितेश शर्मा तथा नगर पंचायत कार्यालय प्रभारी अविनाश मिश्र के नेतृत्व में नीतीश श्रीवास्तव, अरुण, मुकेश, राम प्रकाश, घनश्याम प्रजापति, गगन पांडेय, प्रमोद प्रजापति, मनोज पाण्डेय, सोनू पाठक, सुनील पाठक, आकाश चौधरी, धुवचंद्र पाठक, श्रीचंद्र यादव ने अयोध्या के स्वच्छता का संकल्प लिया।

## युवा दिवस के रूप में याद किये गये स्वामी विवेकानन्द




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। जी.वी.एम. कान्वेंट स्कूल में शुक्रवार को युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी की 161वी जयंती को युवा दिवस के रूप में बड़े ही उमंग एवं हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक संतोष सिंह एवं प्रधानाचार्य श्रीमती विजयलक्ष्मी सिंह जी ने स्वामी विवेकानन्द जी चित्र पर माल्यार्पण करके किया। माल्यार्पण करने के पश्चात बच्चों को संबोधित करते हुए संतोष सिंह ने कहा हमे स्वामी जी के बताए हुए सत मार्ग पर चल कर आप छात्र अपने जीवन को समृद्धि और सशक्त बना सकते है ,साथ ही साथ आप ने शिकागो में आयोजित विशाल धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानन्द जी के द्वारा दिए भाषण के बारे में बताया कि किस तरह स्वामी जी ने विश्व पटल पर भारत को छवि को निखारा था। बताया कि ये वो समय था जब दुनिया भारत को हीन नजर से देखती थी उस समय विवेकानंद जी ने भारत के विचार विश्व पटल पर रखे जिसका परिणाम यह हुआ की भारत को लोग ज्ञान के सागर के रूप में देखने लगे।

कार्यक्रम के उपलक्ष्य में कक्षा 3 के छात्र अनंत सिंह ने स्वामी जी के रूप में को धारण कर उनका व्यक्तित्व प्रस्तुत किया । साथ ही साथ कक्षा 9वी की छात्रा स्रेयांशी ने स्वामी विवेकानन्द जी के बारे में अपना भाषण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन क्लास 9वी की छात्रा शिविका श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर राकेश, राजेश, सुधांशु, विजय गुप्ता,मिराज, गिरीश, मधुरम, पुनीत, उपेंद्र, तिलकराम , अनन्या, निगहत, रुबीना, सबनम ,दिव्या, अनीता, रागिनी, हिना, मंजू, ममता, नीलम, शीतल, नमरा, रिचा, निधि,रीता, वंदना,श्रुति मीनाक्षी,आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे ।

# बस्ती मण्डल में 132 में से 43 निर्माण कार्य पूर्ण मण्डलायुक्त ने दिया हैण्डओवर करने का निर्देश

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । मण्डल में कुल 132 निर्माणाधीन निर्माण कार्यो में से 45 कार्य पूर्ण हो गये है। इनको विभागों को हैण्डओवर करने के लिए मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया है। सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री द्वारा वीसी में दिये गये निर्देशानुसार 14 जनवरी को सभी कार्यालयों में स्वच्छता अभियान संचालित किया जाय, रैन बसेरों में कम्बल एवं अलाव की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाय।

उन्होने निर्देश दिया है कि निर्माण कार्यो का प्रशासकीय विभाग कार्यदायी संस्थाओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं को समय से पूर्ण करायें। बस्ती, सिद्धार्थनगर एवं संतकबीर नगर के निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए उन्होने कहा कि तकनीकी समिति द्वारा अन्तिम रूप से परियोजनाओं का निरीक्षण करके रिपोर्ट दें, इसमें पायी गयी कमियों को कार्यदायी संस्थाए समय से दूर कराये तथा हैण्डओवर करें।



उन्होने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निरीक्षण में पायी गयी कमियों को लिखित में कार्यदायी संस्था को अवगत करायें।

एडी बेसिक संजय शुक्ला ने बताया कि कस्तूरबा गॉधी विद्यालयों के हास्टल में बाथरूम तथा टायलेट का टैंक अलग–अलग नही बनाया जा रहा है, जिससे की वो जल्दी भर जा रहा है। इसके अलावा कही–कही सोख्ता गड्ढा भी नही बनाया गया है, जिससे पानी खुले में फैलता है। मण्डलायुक्त ने इस संबंध में कार्यदायी संस्थाओं को सुधार करने का निर्देश दिया है। उन्होने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि नगर पंचायत भानपुर, भानुपर में फायर स्टेशन में टूटे हुए खम्भें तथा आई.टी.आई. सेमरियावा में विद्युतीकरण का कार्य समय से पूरा करें।

उन्होने कहा कि सीएम–डैशबोर्ड के अनुसार विकास कार्यो में प्रदेश में सिद्धार्थनगर 16वें, बस्ती 21वें, तथा संतकबीर नगर 62वें स्थान पर है। उन्होने मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि रैंकिग में सुधार के लिए योजनाओं का नियमित अनुश्रवण तथा विभागीय अनुशासन सुनिश्चित करायें। उन्होने बताया कि राजस्व में बस्ती 43वें, संतकबीर नगर 44वे तथा सिद्धार्थनगर 67वें स्थान पर है। इसमें भी सुधार के लिए उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया है।

बैठक का संचालन उप निदेशक अर्थ एवं संख्या अमजद अली अंसारी ने किया। उन्होने कहा कि हैण्डओवर हो जाने पर विभाग इसकी सूचना उनके कार्यालय को उपलब्ध करावें। बैठक में सीडीओ जयदेव सीएस, सिद्धार्थनगर जयेन्द्र कुमार, अपर निदेशक स्वास्थ्य डा. नीरज पाण्डेय, पुलिस के भवन प्रभारी/सीओ अशोक कुमार मिश्रा, डीडीओ संतकबीर नगर सुरेश केशरवानी, कृषि अधिकारी डा. राजमंगल चौधरी, उद्यान अधिकारी धर्मेन्द्र चौधरी, संयुक्त निदेशक तकनीकी शिक्षा पुरूषोत्तम मिश्रा, यूपी सिडको के सहायक अभियन्ता अतुल श्रीवास्तव तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

## अयोध्या में प्रतिदिन 30 हजार लोगों के रुकने की होगी व्यवस्था



**अयोध्या (आभा)।** 22 जनवरी को श्रीरामलला अपने दिव्य–भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। कई महीनों में अनेक राज्यों का दौरा कर चुके उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मेजबान के रूप में 22 जनवरी के बाद लोगों को आमंत्रित भी कर चुके हैं। लिहाजा उनके रहने–खाने, रुकने, साफ सफाई की मुकम्मल व्यवस्था हो, इसके लिए सीएम योगी ने खुद खाका तैयार कर अफसरों को टास्क दे दिया है। योगी सरकार के निर्देश पर शासन–प्रशासन स्तर पर फिलहाल प्रतिदिन 30 हजार लोगों के रुकने की व्यवस्था की जा रही है। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए इसमें और इजाफा भी किया जाएगा। विगत दिनों रामनगरी आए योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण व समीक्षा बैठकों में साफ–सफाई, आतिथ्य स्वागत व अच्छा व्यवहार हर हाल में सुनिश्चित करने को कहा था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन श्रद्धालुओं व पर्यटकों के रुकने की चाक–चौबंद तैयारी कर रहा है। इसके लिए होटल, धर्मशाला–गेस्ट हाउस, होम स्टे–पेइंग गेस्ट, टेंट सिटी– आश्रय स्थल, डॉरमेट्री आदि में व्यवस्था की जा रही है। फिलहाल तैयारी के अनुसार वर्तमान में 60 होटलों में 40 कमरों के हिसाब से 7200 पीपीडी (पर्सन पर डे) को रोका जाएगा। 171 धर्मशाला–गेस्ट हाउस में 17 हॉल व 2742 कमरों की अनुमानित व्यवस्था है। 2742 कमरों में चार लोगों तथा 17 हॉल में पांच लोगों के ठहरने की व्यवस्था के अनुरूप माना जा रहा है कि 11818 पीपीडी रामनगरी में रुककर दर्शन–पूजन कर सकते हैं।

होम स्टे–पेइंग गेस्ट योजना के तहत भी अयोध्या में काफी कार्य हो चुका है।

## तैयारियां पूरी : स्वर्ण जयन्ती व्यापारी सम्मेलन 13 को

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । बस्ती उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल का स्वर्ण जयन्ती व्यापारी सम्मेलन की तैयारियां पूरी हो चुकी है। शनिवार 13 जनवरी को सिद्ध विनायक मैरेज हाल के सभागार में दिन में 11 बजे से व्यापारियों की महाजुटान होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष मुकन्द मिश्रा के साथ ही अनेक पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। मुकन्द मिश्रा कार्यक्रम स्थल पर पत्रकारों से भी वार्ता करेंगे। जिलाध्यक्ष आनन्द राजपाल और जिला महामंत्री सूर्य कुमार शुक्ल, मण्डल उपाध्यक्ष नोमान अहमद ने बताया कि स्वर्ण जयन्ती व्यापारी सम्मेलन में व्यापारियों से जुडे मुद्दे प्रमुखता से उठाये जायेंगे।




स्वर्ण जयन्ती व्यापारी सम्मेलन की सफलता के लिये सुनील गुप्ता, पंकज मिश्र, सतीश सोनकर, आशुतोष पाण्डेय, नीरज गुप्ता, समशीर हसन, धर्मेन्द्र कुमार चौरसिया, अदालत प्रसाद, आशुतोष पाण्डेय, अजय चौधरी, लालजी सिंह, कृपाशंकर त्रिपाठी, संदीप जायसवाल, रजत चौधरी, गर्वित कुमार शेष नरायन गुप्ता, लालजी सिंह के साथ ही अनेक पदाधिकारियों ने ताकत झोंक दिया है।।

जिलाध्यक्ष आनन्द राजपाल ने बताया कि सम्मेलन में जिला परिषद द्वारा वसूले जा रहे सी.पी. टैक्स (वैभव कर) समाप्त किया जाने, नगर पालिका परिषद द्वारा जारी लाइसेंस शुल्क को समाप्त किये जाने, बाट माप विभाग द्वारा बाट माप पर मोहर लगाने की अवधि 5 करने, जी.एस.टी. (2017–18) में मिस मैच या आई.टी. सी. के नाम पर व्यापारी उत्पीड़न बन्द कर उसे समाप्त किये जाने, विद्युत विभाग कमर्शियल व घरेलू के नाम पर विद्युत कनेक्शन की आड़ में व्यापारियों का उत्पीड़न बन्द करने, व्यापारिक स्वास्थ्य बीमा लागू करने, व्यापारियों से सम्बन्धित विभागों में व्यापारी सेल का गठन कियये जाने, बुजुर्ग व्यापारियों के लिए व्यापारी पेंशन योजना लागू करने, बस्ती विकास प्राधिकरण का मानक पूरा न होने के कारण इसकी मान्यता समाप्त किये जाने, शिक्षक एम.एल.सी. की तरह व्यापारी एम.एल.सी. का चुनाव किये जाने आदि कि मुद्दे सम्मेलन में प्रमुखता से उठाये जायेंगे।

## विश्व हिन्दू महासंघ ने मण्डलायुक्त, डीआईजी को भेंट किया पराक्रम पत्रिका

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने शुक्रवार को मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह डीआईजी आर.के. भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सीएस आदि को संगठन का पराक्रम पत्रिका, अंग वस्त्र, बाबा गोरक्षनाथ का चित्र भेंट किया।



### –हिन्दू समाज की रक्षा, विकास को समर्पित है महासंघ– अखिलेश सिंह

महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने अधिकारियों से वार्ता के दौरान बताया विश्व हिन्दू महासंघ द्वारा एक लाख प्रतियों में पराक्रम पत्रिका का प्रकाशन कराया गया है। इसका लोकार्पण हापुड के गढमुक्तेश्वर के राष्ट्रीय अधिवेशन में वरिष्ठ पदाधिकारियों और संत समाज की उपस्थिति में किया गया। इस पत्रिका में हिन्दू समाज को जाग्रत करने, उत्थान सम्बन्धी आलेखों के साथ ही बाबा गोरक्षनाथ पीठ के पीठाधीश्वर एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों, सृजनात्मक गतिविधियों का भी विस्तार से वर्णन किया गया है। बताया कि विश्व हिन्दू महासंघ निरन्तर हिन्दू जन मानस को जाग्रत करने के लिये सक्रिय है और दुनियां के अनेक देशों में कार्य कर रहा है।

इस अवसर पर विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के साथ सौरभ तिवारी, कुलदीप मिश्रा, विजय शंकर शुक्ला, बाबा जयप्रकाश दास, विष्णु प्रताप सिंह, महेश हिंदुस्थानी, परमानंद गुप्ता, पूनम सिंह, गीता देवी, प्रिया गुप्ता, मुन्ना सिंह, विपिन सिंह, बिंद गोपाल तिवारी, जगत मोहन सिंह, विक्कू सतीश पाण्डेय, राहुल राज कमलापुरी, आकाश त्रिपाठी, राजन चौधरी, संदीप कुमार, अमरजीत चौधरी, पं. रामनाथ चतुर्वेदी, अमरजीत यादव, अरविंद सिंह, सत्यम चौधरी, अंकित सिंह, ओम सिंह, जय सिंह आदि शामिल रहे।

## भाकियू के नवागत मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार चौधरी का हुआ भव्य स्वागत

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के नवागत मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार चौधरी का जनपद में भाकियू पदाधिकारियों, किसानों, मजदूरों ने फूल मालाओं के साथ स्थान–स्थान पर भव्य स्वागत किया। भाकियू पूर्वान्चल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शोभाराम ठाकुर ने बताया कि महेन्द्र कुमार चौधरी ने मुण्डेरवा में शहीद किसानों का माल्यार्पण किया। इसके बाद अनेक स्थानों से होते हुये शास्त्री चौक पहुंचे।



यहां महेन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि किसान चौतरफा ठगा जा रहा है। लम्बे आन्दोलन के बाद नयी कृषि नीति कानून तो वापस हुआ किन्तु केन्द्र सरकार ने संगठन से जो वायदा किया था वह पूरा नहीं हुआ। किसानों की आय कब दूनी होगी कुछ पता नहीं। भाकियू के प्रदेश सचिव दिवान चन्द पटेल ने कहा कि चीनी मिलों पर नियमानुसार गन्ने की खरीद और भुगतान हो इसके लिये संघर्ष जारी रहेगा। कहा कि मुण्डेरवा चीनी मिल में बुवाई के नाम पर व्यापक भ्रष्टाचार के मामले में यदि दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई न हुई तो भाकियू आन्दोलन छेड़ेगी।

भाकियू के नवागत मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार चौधरी का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से जयराम चौधरी, जर्नादन मिश्र, सुभाष चन्द्र किसान, रमापति चौधरी, रामचन्दर सिंह, विनोद कुमार चौधरी, गौरीशंकर, रामफेर, लालजी, राजेन्द्र प्रसाद, धर्मेन्द्रनाथ तिवारी, रामउग्रह, रमेश चौधरी, राम शब्द चौधरी, चन्द्र प्रकाश, युवा मण्डल अध्यक्ष रमेश चौधरी, रामदास, लवकुश पाल के साथ ही बड़ी संख्या में भाकियू पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 13 जनवरी 2024 शनिवार

## सम्पादकीय

### महाराष्ट्र की राजनीति और शिवसेना

महाराष्ट्र में असली शिवसेना की दावेदारी के लिये लंबे चले विवाद के बाद विधानसभा स्पीकर ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद बागी विधायकों की अयोग्यता के मामले में फैसला शिंदे गुट के पक्ष में दे दिया है। विधानसभा अध्यक्ष ने साफ किया है कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ही असली कहलवाने का हक रखती है। निस्संदेह, इससे शिंदे सरकार पर मंडरा रहा खतरा फिलहाल टल गया है। हालांकि, उद्धव गुट ने इस फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती देने का भी निर्णय किया है। दरअसल, महाराष्ट्र स्पीकर राहुल नार्वेकर ने दस जनवरी को राजनीतिक दृष्टि से बेहद संवेदनशील मामले में यह फैसला सुनाया था। हालांकि, शिंदे गुट इस मामले में खुद को पार्टी का असली वारिस बताकर जनता में भावनात्मक संदेश देने का प्रयास कर रहा है। वास्तव में स्पीकर के फैसले के बाद एक ओर जहां शिंदे मंत्रिमंडल के भविष्य को लेकर लगाये जा रहे कयासों पर विराम लगा है, वहीं 21 जून, 2022 में पार्टी विभाजन के बाद उत्पन्न हालात के बीच सोलह बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने तथा व्हिप का उल्लंघन पर कार्रवाई की मांग भी निष्प्रभावी हो गई है। निश्चित रूप से इस फैसले के बाद सरकार में शामिल शिंदे गुट व भाजपा ने राहत की सांस ली होगी। वहीं उद्धव ठाकरे गुट इस दौरान विधानसभा स्पीकर व मुख्यमंत्री की मुलाकात के मद्देनजर निर्णय की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। ऐसे में निर्णय का विरोध करने और शीर्ष अदालत जाने की बात से लगता है कि इस विवाद का अभी पूरी तरह पटाक्षेप नहीं हो पाया है। ऐसे में माना जाना चाहिए कि जब आम चुनावों के साथ राज्य में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं तो निर्णायक फैसला जनता की अदालत से ही आएगा। वही तय करेगी कि असली शिवसेना शिंदे गुट की है या उद्धव ठाकरे की। यह भी कि राजनीतिक जोड़तोड़ ज्यादा प्रभावी होता है या जनता का दल के धड़े विशेष से भावनात्मक लगाव। कह सकते हैं कि जनादेश ही असली–नकली का फर्क मिटाएगा।

बहरहाल, महाराष्ट्र में शिवसेना के बागी विधायकों के मसले का भले ही तकनीकी रूप से समाधान होता नजर आता हो, लेकिन यह आने वाला वक्त बताएगा कि एक समय महाराष्ट्र की राजनीति व समाज में वर्चस्व रखने वाली शिवसेना का असली वारिस कौन होगा। ऐसे में भले ही उद्धव ठाकरे के हाथ से बाजी निकलती दिखाई दे रही हो, लेकिन यदि ठाकरे इस मुद्दे को भावनात्मक रंग देकर जनता की अदालत में पीड़ित के रूप में गुहार लगाते हैं तो तसवीर में बदलाव भी हो सकता है। विधानसभा स्पीकर ने चुनाव आयोग के फैसले को भी आधार बनाया है, जिसके चलते शिंदे गुट को मान्यता मिली है। जिसके मूल में शिवसेना का संविधान भी रहा है। दरअसल, 1999 में तैयार शिवसेना के संविधान में कहा गया था कि पार्टी प्रमुख का फैसला ही पार्टी का फैसला होगा। जिसके चलते शिंदे गुट को फायदा मिला और उद्धव गुट के हाथों से बाजी निकल गई। हालांकि, विभाजन के दंश से जूझ रही महाराष्ट्र की राजनीति में यही सवाल एनसीपी के विभाजन से भी उठा। जब एनसीपी के विधायकों का एक गुट पार्टी से अलग होकर सरकार में शामिल हो गया। शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट ने पार्टी का खुद को असली दावेदार बताया। साथ ही सरकार में शामिल विधायकों को अयोग्य ठहराने की बात कही। आम चुनाव व विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों में यह गहमागहमी आने वाले दिनों में और तेज होने की उम्मीद है। बहरहाल, राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते पार्टी में विद्रोह व नये राजनीतिक समीकरण बनाना महाराष्ट्र की राजनीति का अभिन्न अंग बन चुका है। शिव सेना विभाजन विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणियां राजनीतिक विद्रूपताओं का अक्स उकेर चुकी हैं। वक्त बताएगा कि शिवसेना के किस धड़े को राज्य की जनता का सकारात्मक प्रतिसाद मिलता है। यह भी कि महाराष्ट्र की राजनीति में बड़े खिलाड़ी की भूमिका निभाने वाली भाजपा शिवसेना के परंपरागत वोटों में किस हद तक सेंध लगाने में कामयाब होती है। दरअसल, सबसे पुराने गठबंधन में लंबे समय तक साथ रहे भाजपा व शिवसेना का एजेंडा व दक्षिणमार्गी जनाधार कमोबेश मिलता–जुलता रहा है।

# याद आयेंगे, आडवाणी जी के सारथी, योगी जी के मनुहार



—मनोज सिंह—



महाभारत युग में अर्जुन के रथ के सारथी श्री कृष्ण सर्व विदित है उसी तरह राम मंदिर निर्माण आन्दोलन में रथ यात्रा लेकर निकले श्री लालकृष्ण आडवाणी के रथ के संचालकध् संयोजक पूर्वी उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री आदरणीय हृदय नाथ सिह अब इस दुनिया में नहीं रहे । जनवरी 2024 में जब लम्बे समय तक चले आंदोलन और संघर्ष के उपरांत राम मंदिर का निर्माण अपने पूर्णकालिक दौर में पहुंचकर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। उससे मात्र 20 दिन पहले दो जनवरी को श्री सिंह अपने गांव अमावा खुर्द जनपद जौनपुर से दिल्ली आते समय अचानक रास्ते में तबियत बिगड़ने से लखनऊ के पी जी आई में भर्ती होना पड़ा जहां इलाज के दौरान हृदय गति रुकने से 82 वर्ष की उम्र में अन्तिम सांस ली ।

श्री सिंह के निधन पर जौनपुर के जनपदीय पृष्ठ समाचार पत्रों में उनकी सादगी ,कार्यशैली और आदर्श राजनीति की चर्चा से पूरा पेज भरा रहा दूसरी तरफ उनके पैतृक निवास पर राजनेताओं और स्थानीय जनसमूह का जनसैलाब उमड़ पड़ा अपने प्रिय नेता के अन्तिम दर्शन के लिए ।

श्री सिंह के सादगी भरे जीवन में लम्बे तक संघ के स्वयंसेवक, सांगठनिक जीवन काल और 1982 के दौरान आडवाणी जी की रथयात्रा के कुशल प्रबंधन देखने का संयोग हमें भी बस्ती जनपद में उस समय देखने को मिला जब बस्ती जनपद में रात्रि विश्राम के पश्चात सुबह सुवेश पैलेस होटल में प्रेसवार्ता के दौरान शांत वातावरण में आडवाणी जी स्वेतवस्त्र में झलकते हुए होटल की ऊपरी मंजिल की सीढ़ियों से उतरते हुए नजर आए वह दृश्य आज भी याद है एक तरफ विशिष्ट लोगों की उपस्थित दूसरी तरफ शांत और सादगी का माहौल में संयोग वश स्नेहिल रिश्तों के चलते कम उम्र में श्रद्धेय हृदय जी के पास खड़ा सबको देख रहा था ।

इसी तरह 2014 में फरवरी माह के 6,7,8 फरवरी में इलाहाबाद में महाकुंभ के दौरान धर्म संसद का आयोजन कुंभ मेला में था उस समय भी मैं आदरणीय हृदय की के साथ महाकुंभ में था धर्म संसद का पंडाल सजा हुआ था देश के विभिन्न कोनों से संत महात्मा मंच पर विराजमान थे हृदय जी को भी वहां बैठना था किंतु वह टहलते हुए जनसभा की पीछे की पंक्ति में चुपचाप ऐसे बैठे जैसे वह कोई जनसाधारण श्रोता हो ऐसी सादगी की मिसाल हमने जीवन में नहीं देखा वहीं पर श्री चिन्ता मणि सिंह जी से भी प्रथम बार भेंट होता है बाद में उनके बारे में पता चला कि वह भी श्रद्धेय हृदय जी के गांव के है हृदय जी के प्रति उनके स्नेह और उनके लगाव को याद करके मन भाव विभोर हो उठा क्योंकि वह भले ही सगे भाई ना हो लेकिन सगे रिश्तों से बढ़कर उनका हर कदम पर ध्यान रखते थे ।

धर्म संसद के कार्यक्रम में जाने की पहले योगी आदित्यनाथ जी के कैंप में जाना हुआ उस समय बड़े महाराज स्वगीर्य अवैद्यनाथ जी जीवित थे और सौभाग्य वश महाकुंभ मेला परिसर में उनका भी कैंप लगा हुआ था वहां पर आदरणीय हृदय जी बड़े महाराज का आशीर्वाद लेकर और उनका कुशल क्षेम पूछ कर योगी जी के साथ पंक्ति में बैठकर प्रसादध्भोजन ग्रहण करने का समय आज भी याद है ।

योगी जी जब हिंदू युवा वाहिनी से सांसद हुआ करते थे तब जब कभी किन्ही राजनीतिक विषयों को लेकर नाराज होते थे और मठ चले जाते थे तो भाजपा की तरफ से श्रद्धेय हृदय जी को ही भेजा जाता था योगी जी को मनाने के लिए क्योंकि योगी जी भी व्यक्तिगत रुप से आदरणीय हृदय जी से स्नेह करते थे यह बातें भाजपा के वरिष्ठ राजनेताओं को मालूम था ।

आम तौर पर राजनीति में अगर कोई बड़ी कुर्सी तक पहुंच जाता है तो परिवार को राजनीति में स्थापित करने का प्रयास करता है लेकिन इसके विपरीत श्री सिंह ने सादगी और त्याग की अमिट लकीर खींचकर इस दुनिया से चले गए और राजनीति के सुचिता का संदेश दे गये ।

श्री सिंह को विनम्र श्रद्धांजलि ।

# श्रीहरि के मुख्य 16 पार्षद यानी सहायक



आचार्य डा. राधे श्याम द्विवेदी

जिस प्रकार संसार में कार्य चलाने के लिये मनुष्यों को सहायकों की आवश्यकता होती है। उसी प्रकार सृष्टि के पालनकर्ता श्रीहरि को भी अपना कार्य करने के लिए सहायकों की आवश्यकता पड़ती है। इसी प्रयोजन से श्रीहरि के भी मुख्य 16 पार्षद यानी सहायक हैं, जिनको समय–समय पर समाज को सार्थक संदेश देने के लिए श्रीहरि पृथ्वी पर भेजते रहते हैं। मान्यता है कि आज भी उनमें से कुछ पृथ्वी पर भ्रमण करते हैं और श्रीहरि के भक्तों को संकटों से बचाते हैं, धर्म पथ पर चलाते हैं। वे निर्दिष्ट कार्य करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं. सबकी अपनी– अपनी भूमिकाएं हैं, जिन्हें वे पूरी निष्ठा के साथ निभाते रहते हैं। ष्अयोध्या दर्शनष गीता प्रेस , गोरखपुर से प्रकाशित पुस्तक में पण्डित श्री राम कुमार दास जी के आलेख 'साकेत



—— दिव्य अयोध्या' के पृष्ठ 57– 58 पर भगवान राम के षोडश पार्षदो के नाम का उल्लेख किया है। जो अथर्वेद के इस डेढ़ मंत्रों के आधार पर उल्लखित किया गया है।

'पुरं यो ब्रह्मणो वेद यस्याः पुरुष उच्यते

यो वै तां ब्रह्मणो वेदामृतेनावृतां पुरम्।

तस्मै ब्रह्म च ब्राह्मश्च चक्षुः प्राणं प्रजां ददुः '

(अथर्वेद 10/2/28– 29)

इस डेढ़ मंत्रों का निहितार्थ इस प्रकार है ——

जो कोई ब्रह्म के अर्थात परात्पर परमेश्वर, परमात्मा , जगदादि कारण, अचिंत्य वैभव श्री सीतानाथ रामजी के पुरी को जानता है उसे भगवान और भगवान जी के पार्षद ——सब लोग चक्षु,प्राण और प्रजा देते हैं। इस पुरी के स्वामी को पुरुष कहते हैं। अर्थात जिसका प्रतिदिन नाम स्मरण किया जाता है,उस पुरुष की पुरी को जानने के लिए श्रुति कह रही है। जो कोई अनन्त शक्ति सम्पन्न सर्व व्यापक,सर्व नियंता,सर्वशेषी, सर्वाधार श्री रामजी की अमृत अर्थात मोक्षानंद से परिपूर्ण जो निश्चय के साथ उस अयोध्या पुरी को जानता है। उसके लिए साक्षात ब्रह्मऔर ब्रह्म के सम्बन्धी अर्थात भगवान के – 'हनुमान,सुग्रीव, अंगद, मयंद, सुषेण, द्विविद, दरीमुख,कुमुद, नील, नल, गवाक्ष, पनस, गन्ध मादन,विभीषण, जामवान और दधिमुख' ——ये प्रधान षोडश पार्षद अथवा नित्य और मुक्त सर्वजीव मिलकर उत्तम दर्शन ——शक्ति, उत्तम प्राण शक्ति अर्थात आयुष्य और बल तथा सन्तान आदि देते हैं।

नारायण की भांति रामजी के भी षोडश पार्षद–

पुराणों में भगवान नारायण के 16 प्रमुख पार्षद बताए गए हैं. ये पार्षद जय, विजय, विष्वक्सेन, प्रबल, बल, नन्द, सुनन्द, सुभद्र, भद्र, चण्ड, प्रचण्ड, कुमुद, कुमुदाक्ष, शील, सुशील और सुषेण हैं. भक्तमाल ग्रंथ के अनुसार, इनमें प्रधान पार्षद विष्वक्सेन के अलावा जय, विजय, प्रबल और बल भक्तों का मंगल करने वाले हैं। नन्द, सुनन्द, सुभद्र और भद्र भव रोगों को हरने वाले हैं. चण्ड, प्रचण्ड, कुमुद और कुमुदाक्ष विनीत भाव से कृपा करने वाले और शील, सुशील व सुषेण भावुक भक्तों का पालन करते हैं।

अभी तक भगवान विष्णु से षोडश पार्षदों का ही उल्लेख मिलता रहा परंतु इस लेख में पण्डित श्री राम कुमार दास जी ने भगवान राम के षोडश पार्षदों का नामोल्लेख किया है। हां भगवान राम के सेना के 18 पदम यूथपतियों का जिक्र राम चरित मानस में अवश्य मिलता है। भक्तमाल के बीसवें छन्द में नाभादास ने राम के सहचर वर्ग को इस प्रकार गिनाया है।

'दिनकर सुत हरिराज बालिबछ केसरि औरस।

दधिमुख द्विविद मयंद रिच्छपति सम को पौरस।।

उल्का सुभट सुषेन दरीमुख कुमुद नील नल।

सरभ रु गवै गवाच्छ पनस गन्धमादन अतिबल।।

पद्म अठारह यूथपति रामकाज भट भीर के।

सुभ दृष्टि वृष्टि मो पर करौ जे सहचर रघुबीर के।।'

पार्षद की सेनापति जैसी जिम्मेदारी–

भगवान राम ने इन वानर सेना की मदद से लंका पर चढ़ाई कर रावण की सेना से भीषण युद्ध कर विजय प्राप्त की थी. दस दिनों तक चले इस युद्ध में वानर सेना ने अद्भुत वीरता का प्रदर्शन किया था।

राम जी के षोडश पार्षद ——

सुग्रीव–

वानरों के राजा सुग्रीव श्रीराम की सेना के प्रमुख प्रधान 10,00,000 से ज्यादा सेना के यह सेना अध्यक्ष थे. सुग्रीव रामायण के एक प्रमुख पात्र थे। बालि इनके बड़े भाई थे। इनके पिता का नाम सूर्य नारायण और माता का नाम ऋक्षराज था। बालि और सुग्रीव का पालन षोषण महर्षि गौतम और उनकी पत्नी अहल्या ने किया था। हनुमान के कारण भगवान श्री राम से उनकी मित्रता हुई थी।

हनुमान–

श्रीराम सेना के प्रमुख योद्धाओं में से एक थे.हनुमान वानरों के राजा केसरी और उनकी पत्नी अंजना के छः पुत्रों में सबसे बड़े और पहले पुत्र हैं। रामायण के अनुसार वे जानकी के अत्यधिक प्रिय हैं। इस धरा पर जिन सात मनीषियों को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें बजरंगबली भी हैं। हनुमान जी का अवतार भगवान राम की सहायता के लिये हुआ। हनुमान जी के पराक्रम की असंख्य गाथाएँ प्रचलित हैं। इन्होंने जिस तरह से राम के साथ सुग्रीव की मैत्री कराई और फिर वानरों की मदद से असुरों का मर्दन किया, वह अत्यन्त प्रसिद्ध है।

अंगद–

बाली तथा तारा का पुत्र वानर यूथ पति एवं प्रधान योद्धा. अंगद रामदूत भी थे. अंगद ने युद्ध में अदुभुत साहस दिखाया. उन्होंने रावण के पुत्र नरान्तक और रावण की सेना के प्रमुख योद्धा महापार्श्व का वध किया था.

विभीषण–

विभीषण रामायण के एक प्रमुख पात्र हैं। वे रावण के भाई थे।विभीषण बहुत ही बड़े राम भक्त थे। उन्होंने लंका में रहते हुए भी राम भक्ति की, जहाँ भगवान श्री राम का शत्रु रावण का राज था। विभीषण रावण का सबसे छोटा भाई था, जिसने लंका पर शासन किया था। वह ऋषि पुलस्त्य के पुत्र ऋषिविश्रवा और केकसी के सबसे छोटे पुत्र थे। लंका के राजा रावण उनके बड़े भाई थे। हालाँकि विभीषण राक्षस जाति के थे, लेकिन वे पवित्र थे और श्री राम के भक्त थे । उनका व्यवहार सच्चे ब्राह्मणो जैसा था। उन्होंने अपने बड़े भाइयों के साथ ब्रह्मा जी की तपस्या की थी, एवं वरदान में अपने लिए ये माँगा की वे हमेशा धर्म–पथ पर चले।

जामवंत–

रीछ सेना के सेनापति एवं प्रमुख सलाहकार. यह कुशल योद्धा के साथ ही मचान बांधने और सेना के लिए रहने की कुटिया बनने में भी कुशल थे.जाम्बवन्त रामायण के एक प्रमुख पात्र हैं। वे ऋक्ष प्रजाति के थे।उनका सन्दर्भ महाभारत से भी है। स्यमंतक मणि के लिये श्री कृष्ण एवं जामवन्त में नंदिवर्धन पर्वत (तत्कालीन नाँदिया, सिरोही, राजस्थान ) पर २८ दिनो तक युध्द चला। जामवंत को जब श्रीकृष्ण के भीतर श्रीराम के दर्शन हुए तब जामंवत ने अपनी पुत्री जामवन्ती का विवाह श्री कृष्ण द्वारा स्थापित शिवलिंग ( रिचेश्वर महादेव मंदिर नांदिया ) की शाक्शी में करवाया। युद्ध मे जाम्बवन्त ने यग्यकूप नामक राक्षस का वध किया था। हनुमान की माता अंजना ने जाम्बवन्त को अपना बड़ा भ्राता माना था जिससे वह शिवान्श हनुमान के मामा बन गये।

नल–

नल (सफेद वानर) यह वानर सेना में इंजीनियर रहे हैं। समुद्र पर सेतु का निर्माण इनकी देखरेख में हुआ था।सुग्रीव की सेना का वानर वीर और सुग्रीव के सेना नायक। सेतुबंध की रचना इनके माध्यम से की गई थी।

नील–

नील सुग्रीव का सेनापति थे, जिसके स्पर्श से पत्थर पानी पर तैरते थे, सेतुबंध की रचना में सहयोग दिया था। सुग्रीव सेना में इंजीनियर और सुग्रीव के सेना नायक। नील के साथ 1,00000 से ज्यादा वानर सेना थी।नल और नील को ऋषियों ने श्राप दिया था कि वे जिस चीज को छुएंगे वह पानी में नहीं डूबेगी.रामायण में, नील अग्निके देवता, अग्नि के पुत्र और ष्तेज, प्रतिष्ठा और कौशल में कपिश्रेष्ठष के रूप में वर्णित है। महाकाव्य का एक महत्वपूर्ण भाग राम की पत्नी सीता को इसमें वानर सेना द्वारा निभाई गई भूमिका का वर्णन किया गया है, जिसमें लंका के राक्षस राजा रावण ने अपहरण कर लिया था। महाकाव्य को बनाने वाली कई कहानियों के अलग–अलग रूपांतरों का निर्माण किया गया है। वह वानर राजा सुग्रीव के अधीनस्थ वानर सेना के कमांडर–इन–चीफ हैं, और उन्हें लंका के राक्षस राजा रावण (आधुनिक श्रीलंका के रूप में जाना जाता है) के विरुद्ध राम की लड़ाई में सेना का नेतृत्व करने और हत्या करने वाले थे। के रूप में वर्णित है।

द्विविद–

ये बहुत ही बलवान और शक्तिशाली थे, इनमें दस हजार हाथियों का बल था. इनके भाई मैंद ने भी युद्ध में भाग लिया था.द्विविद सुग्रीव के मन्त्री और मैन्द के भाई थे। ये बहुत ही बलवान और शक्तिशाली थे, इनमें दस हजार हाथियों का बल था। महाभारत सभा पर्व के अनुसार किष्किन्धा को पर्वत–गुहा कहा गया है और वहाँ वानरराज मैन्द और द्विविद का निवास स्थान बताया गया है। द्विविद को भौमासुर का मित्र भी कहा गया है। वानर यूथपति द्विविद अश्विनी कुमारो के अंश से जनमे हुए थे।

केसरीरू केसरी एक पुरुष वानर है , और हिंदू पौराणिक कथाओं में एक पात्र है । वह हनुमान के पिता और अंजना के पति हैं ।यह महान योद्धा 1,00000 से ज्यादा वानर सेना के साथ युद्ध कर रहे थे। शैव परंपरा में विष्णु की मदद से शिव से एक उत्पन्न पुत्र की मांग की गई थी, जो रावण को मारने के लिए राम का अवतार लेने वाला था। शिव और पार्वती ने वानर का रूप धारण किया और संभोग में लगे रहे। जब वायु प्रकट हुई, तो उसने अपनी उपस्थिति बताई, और पार्वती ने अपने अंदर के बच्चे को प्रकट किया।

# राम मन्दिर आन्दोलन से जुड़ी यशकान्त सिंह की स्मृतियां





श्रीराम मंदिर आन्दोलन से जुड़ी अनेक स्मृतियां मेरे मानस पटल पर अंकित है। मेरे बाबा स्व0 श्री जयदत्त सिंह भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे। 1967 में भारतीय जनसंघ से बस्ती जनपद के डुमरियागंज विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए। उस समय पूर्वान्चल में ब्रम्हलीन महंत अवैद्य नाथ जी मानिराम (विधानसभा) गोरखपुर जनपद से विधायक थे। स्व0 माधव प्रसाद त्रिपाठी एवं मेरे बाबा स्व0 श्री जयदत्त सिंह पूर्वान्चल के कद्दावर नेताओं में से एक थे। जन्म के समय से ही भारतीय जनसंघ एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को करीब से जानने का अवसर मिला और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सक्रिय स्वयंसेवक बना।

वर्ष 1990 में लखनऊ विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में परा स्नातक हुआ वर्ष 1984 में रामजन्मभूमि आन्दोलन प्रारम्भ होने के बाद से ही आंदोलन की गतिविधियों से जुड़ा। बस्ती जनपद का विश्व हिन्दू परिषद के बंजरंग दल का प्रथम जिला संयोजक बना। सरयू तट पर संकल्प सभा से लेकर निरंतर रामजन्म भूमि आन्दोलन के गतिविधियों में सक्रिय रहा।

वर्ष 1990 में विश्व हिन्दू परिषद के आवह्न पर कार्यकताओं के साथ गिरतारी हुई जिसमें मेरे साथ सभी कार्यकर्ताओं को देवरिया कारागार में भेजा गया। 10 दिन उपरान्त पुनः गोरखपुर कारागार जो परिवहन निगम के वर्कशाप को अस्थायी कारागार बनाया गया था में निरूद्व रहा। वर्ष 1991 में विभाग प्रचारक रामदयाल जी ने मुझे भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में ज्वाइन कराया और जिला कार्य समिति सदस्य बनाया। 1992 में रामजन्म भूमि आंदोलन में कार्यसेवा के लिए अयोध्या गया और कार्य सेवा में भाग लिया। विवादित ढांचे के विध्वसं होने के बाद रामभक्त होने के नाते हृदय गदगद हो गया। 2005, जन्मभूमि पर हुए आंतकवादी हमला हुआ जिसके विरोध में हुए विरोध कार्यक्रम में दोबारा बस्ती आई0टी0आई0 में निर्मित अस्थायी कारागार में निरूद्व रहा। उस समय भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री के रूप में कार्यरत था। 2014 में 84 कोसी यात्रा कार्यक्रम के दौरान अखिलेश यादव की सरकार द्वारा गोंडा स्थित कारागार में निरूद्व रहा। वर्ष 2019 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय का श्रीराम जन्म भूमि दिवस में आदेश आने के बाद हृदय पुलंकित हो उठा।

मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्व अपने ब्लाक रामनगर में 14 कि0मी0 ऐतिहासिक अक्षत वितरण कार्यक्रम सम्पन्न करवाया। कार्यक्रम में लगभग 5000 राम भक्तों ने बढ़ चढ़ कर अप नी सहभागिता दर्ज करायी।

विकास खण्ड के सभी ग्राम पंचायतों में अन्य स्तर पर अक्षत वितरण कार्यक्रम जोरो शोरों से किया जा रहा है वर्तमान में रामनगर प्रखण्ड (ब्लाक) के विश्व हिन्दू परिषद के मंत्री के रूप में मेरे सुपुत्र प्रशान्त कुमार सिंह जो क्षेत्र पंचायत राम नगर निर्माण समिति के अध्यक्ष भी है, अक्षत वितरण कार्य में पूरी तनमयता से अपनी सहभागिता निभा रहे है।

500 वर्षों के त्याग असंख्य बलिदानों के पश्चात आज जब भव्य राम मन्दिर का निर्माण हो रहा है तो मेरे जैसे असंख्य राम भक्तों का भावुक होना लाजमी है। हम सभी ने जिस उद्देश्य के लिए यातनायें सही आज वो हमारे नेत्रों के सामने यर्थाथ में परिणित हो रहा है। रोम–रोम से उन सभी परिवारों को बधाई जिन्होंने इस आन्दोलन में अपने स्वजनों को खोया है। एक सच्चा राम भक्त होंने के नाते अपनी खु शी को शब्दों में बयां करना मेरे लिए सम्भव नहीं है। फिर भी इन पंक्तियों के माध्यम से प्रभु श्रीराम के चरणों में अपनी आस्था प्रकट करता हूं।

मेरे राम

राम आस है, विश्वास है, चराचर जगह के आभास है,
राम चेतना में, वेदना में, अल्फाज में अरदास में,
राम श्वास में, अहसास में, है राम ही हर याद में,
राम भक्ति में, शक्ति में, है व्यक्ति की आसक्ति में
राम धारणा में, साधना में, इस राष्ट्र की अवधारणा में,
राम समदर्श हे, आदर्श है, व्यक्ति का उत्कर्ष है।
राम प्रीति में, हर रीति में, है राम ही हर नीति में,
राम प्रेम है, अनुराग है, राम से हर राग है,
राम कर्म है, वो धर्म है, सत्कर्म के प्रतिमान है।
राम मान है, स्वाभिमान है, इस राष्ट्र के अभिमान है।

—यशकान्त सिंह
श्री राम चरन अनुरागी

# सिद्धार्थनगर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार



**संवाददाता—महराजगंज।** एसओजी, स्वाट व कोल्हुई पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरूवार की रात सोनपिपरी घाट के पास एसएसबी रोड पर पर मुठभेड़ के बाद तीन बदमाशों को गिरफ्तार की। इसमें दो बदमाश व गोंडा व गोरखपुर जिले के निवासी हैं। तीसरा बदमाश कोल्हुई का रहने वाला है। जवाबी फायरिंग में गोंडा के बदमाश को पैर में गोली लगी। दूसरा बदमाश भागने के प्रयास में घायल हुआ। पुलिस कर्मियों ने घायल बदमाशों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। तीनों बदमाशों के पास से 13 किलो चांदी, कुछ सोने के आभूषण, तिजोरी, एलईडी, मोबाइल फोन व स्कार्पियो गाड़ी बरामद हुआ है। बदमाशों ने सिद्धार्थनगर के शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के महला चौराहे पर ज्वेलरी की दुकान में चोरी किया था। गहनों से भरी तिजोरी बदमाश उठा ले गए थे। पुलिस कार्यालय में मुठभेड़ की जानकारी देते हुए एसपी सोमेन्द्र मीना ने बताया कि सिद्धार्थगर जिले के शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र में ज्वेलरी की दुकान में चोरी हुई थी। मुखबिर के जरिए महराजगंज पुलिस को सूचना मिली थी कि सिद्धार्थनगर जिले में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश कोल्हुई थाना क्षेत्र की तरफ स्कार्पियो गाड़ी से जा रहे हैं। उस समय एसओजी, स्वाट टीम व कोल्हुई पुलिस क्षेत्र में अयोध्या राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा व आगामी पर्व की सुरक्षा के लिए संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। मुखबिर की सूचना मिलते ही एसपी के निर्देश, एएसपी आतिश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण एवं सीओ अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में एसओजी प्रभारी महेन्द्र यादव, स्वाट प्रभारी देवेन्द्र सिंह, कोल्हुई एसओ दिनेश कुमार अपने हमराहियो के साथ कोल्हुई के सोनपिपरी घाट के पास एसएसबी रोड के पास पहुंच गए। थोड़ी देर बाद सफेद रंग की स्कार्पियो आती हुई दिखाई दी।

सोनपिपरी घाट के पास एसएसबी रोड पर पुलिस टीम ने स्कार्पियो को रोकने का इशारा किया, इस पर स्कार्पियो चालक पुलिस कर्मियों को कुचलने के प्रयास में गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दिया। इससे स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पुल से टकरा गई। इसके बाद बदमाश वाहन से उतर पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू किया। पुलिस टीम भी जवाबी कार्रवाई में दो राउंड फायरिंग की। इसमें से एक गोली बदमाश के पैर में लगी। इससे वह घायल होकर गिर गया। दो बदमाश भागने लगे। पुलिस ने दौड़ा कर उन्हें दबोच लिया। दूसरा बदमाश भागने के प्रयास में घायल हुआ। गिरफ्त में आए बदमाशों ने पूछताछ में अपना नाम उल्फत अली पुत्र मोहब्बत अली(41) निवासी ग्राम जमदरा थाना देहात कोतवाली जनपद गोण्डा, कलाम पुत्र रमजान(28) निवासी कोल्हुई व रामरक्षा यादव पुत्र जयहिन्द यादव(38) निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर बरगदवा थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर बताया।

पुलिस टीम की तलाशी में बदमाशों के स्कार्पियो से लोहे की एक तिजोरी, 13 किलो चांदी, कुछ सोने का गहना, एक एलसीडी टीवी, तीन मोबाइल फोन, एक सादा फोन, दो तमंचा, दो जिंदा कारतूस, दो खाली कारतूस व एक स्कार्पियो बरामद हुई।

मुठभेड़ में गिरफ्त में आए तीनों बदमाशों में से गोंडा के बदमाश उल्फत अली के खिलाफ गोंडा व कोल्हुई में चौी व आर्म्स एक्ट में केस दर्ज है। कोल्हुई निवासी सलमान उर्फ कलाम के खिलाफ कोल्हुई व गोला थाना में पांच केस, गोरखपुर के बदमाश राम रक्षा यादव के खिलाफ चिलुआताल व कोल्हुई थाना में केस दर्ज है।

मुठभेड़ में चोरी के आभूषण के साथ तीन बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ कोल्हुई दिनेश कुमार, चौकी प्रभारी जोगियाबारी रमेश पुरी, एसओजी प्रभारी महेन्द्र यादव, स्वाट प्रभारी देवेन्द्र कुमार सिंह, एसआई जयप्रकाश, राजीव कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल मंजेश यादव, धीरज दुबे, शैलेन्द्र नाथ त्रिपाठी, कुतुबुद्दीन, धीरेन्द्र कुमार मिश्रा, कांस्टेबल अमित यादव, रामदरस साहनी, अनीष कुमार यादव, जितेन्द्र कुमार, हृदयराम यादव, रामआशीष, राजीव कुमार यादव, राजवीर पाठक, दीपक कुमार सिंह शामिल रहे।

# शीत लहर से बचाव को लेकर आपदा प्रबंधन ने किया अलर्ट

**संवाददाता—बलरामपुर।** जिले में भीषण कोहरा और शीतलहर के चलते अधिकतम तापमान 16 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री पहुंच गया है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बलरामपुर ने एडवाइजरी जारी किया है। लोगों को ठंड से बचने के उपाय भी बताए गए हैं। नियमों का पालन कर हम ठंड से निजात ले सकते हैं। बलरामपुर जिले में शीत लहर एवं ठण्ड से बचाव को लेकर जनसामान्य के लिए आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एडवाइजरी जारी की गई है। जिलाधिकारी अरविन्द सिंह के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने ठण्ड से बचाव के लिए गाइड लाइन यानी ठण्ड से बचाव को लेकर क्या करें, क्या न करें के बारे में बताया गया है। जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने बताया कि जन सामान्य को ठण्ड से बचाने के लिए जिले में राजस्व विभाग एवं नगर निकायों द्वारा जगह—जगह अलाव जलवाये जा रहे हैं। इसके साथ ही निराश्रितों, कमजोर और असहायों को सर्द रात में ठहरने के लिए बलरामपुर नगर क्षेत्र में दो जगहों पर, नगर पंचायत तुलसीपुर में एक, नगर पंचायत उतरौला में एक, नगर पंचायत पचपेड़वा में एक जगह तथा नगर पंचायत गैसड़ी में एक जगह पर रैन बसेरे लगातार संचालित गये हैं। उन्होंने बताया कि रैन बसेरे में कोई निराश्रित, असहाय अथवा राहगीर निःशुल्क ठहर सकता है। सभी रैन बसेरों में शासन के निर्देशानुसार समुचित प्रबन्ध किये गए हैं। प्रत्येक रैन बसेरे के नोडल अधिकारी और केयर टेकर नियुक्त किये गये है। रैन बसेरों में समस्त आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित करा रहे हैं।

जिलाधिकारी ने ठण्ड से बचाव के उपायों के बारे में बताया कि हमें लगातार समाचार पत्रों, रेडियो एवं टीवी के माध्यम से मौसम की जानकारी लेते रहना चाहिए। कान, नाक व गले को ढक कर रखें। कई परत वाले गर्म कपड़े पहनें। कमरे को गर्म रखने के लिए जलावन यानी लकड़ी का प्रयोग कतई न करें। क्योंकि इससे कमरे में धुआं फैलने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। कोयले की अंगीठी, हीटर या ब्लोअर आदि का प्रयोग आप कर सकते हैं लेकिन सावधानी बरतते हुए। कमरे की खिड़कियां खोल के रखें ताकि अंगीठी से उत्पन्न जहरीले धुएं से आपको नुकसान न हो तथा कमरे में आक्सीजन की कमी भी न होने पावे। घर के अन्दर सुरक्षित रहें। जब तक बहुत आवश्यक न हो तब तक घर से बाहर न निकलें। स्नान हेतु गरम पानी का प्रयोग करें। विशेष परिस्थितियों के लिए ईंधन बचाकर रखें। शरीर को गरम रखने हेतु पेय पदार्थों एवं पौष्टिक आहार का सेवन करते रहें।

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर सतर्क रहे रेलकर्मी –जीएम

**संवाददाता—गोंडा।** पूर्वोत्तर रेलवे की जीएम सौम्या माथुर ने कहा कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के मद्देनजर सभी अफसर और कर्मी सतर्क रहें। ट्रेनों के सुरक्षित और संरक्षित संचालन के साथ यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। शुक्रवार को उन्होंने गोंडा स्टेशन के बाद रामघाट हाल्ट और कटरा रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। जीएम ने गोंडा स्थित विद्युत लोको शेड का निरीक्षण किया। साथ ही बनारस रेल इंजन कारखाना द्वारा निर्मित नए टॉयलट युक्त विद्युत लोको का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एनई रेलवे मजदूर यूनियन, एससी. एसटी. एसोसिएशन एवं ओबीसी एसोसिएशन के पदाधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने रेलवे अस्पताल में भी व्यवस्थाएं देखीं। इसके बाद कटरा रेलवे स्टेशन पर हुए यात्री सुविधा के लिए कराए गए निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होनें मातहतो को अयोध्या परिक्षेत्र में चल रही रेल परियोजनाओं को 20 जनवरी से पहले पूरा कर लेने का निर्देश दिया। ताकी राम मन्दिर के दर्शन के लिए यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर यात्री सुविधा उपलब्ध हो सकें। इसके पश्चात् जीएम ने रामघाट हाल्ट स्टेशन के विकास कार्यों की मौजूदा स्थिति का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने रामघाट हाल्ट स्टेशन पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाए जा रहे मल्टी फंक्शनल कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य की प्रगति को देखा। उनके साथ डीआरएम आदित्य कुमार, मुख्य अभियंता रंजन कुमार, संजय सिंघल, मनोज कुमार सिन्हा, राजेश पाण्डेय, एम के अग्रवाल, सहित आदि मौजूद रहे।

# अवैध ढंग से संचालित पैथालाजी को किया गया सील

**संवादादाता—बलरामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रीदत्तगंज के गेट के सामने अवैध रूप से चल रहे पैथॉलाजी एवं एक्स—रे सेंटर को शुक्रवार को अपर सीएमओ ने सील करा दिया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध ढंग से संचालित हो रहे पैथॉलाजी एवं अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालकों में हड़कंप मच गया है। अपर सीएमओ व नोडल अधिकारी डा. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को श्रीदत्तगंज में छापेमारी की। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने अवैध रूप से पब्लिक पैथॉलाजी एंड एक्स—रे सेंटर संचालित पाया गया। एसीएमओ ने बताया कि इस सेंटर का रजिस्ट्रेशन भी नहीं है।

# उतरौला में दो हजार असहायों को बांटे गए कंबल, खिले चेहरे

**संवाददाता—बलरामपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों व निराश्रितों को सर्दी से राहत देने के लिए शुक्रवार को कंबल का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक राम प्रताप वर्मा, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह व चंद्र प्रकाश सिंह गुड्डू ने किया। पालिका अध्यक्षा सविता गुप्ता व उनके प्रतिनिधि अनूपचंद गुप्ता ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि पूरा प्रदेश भीषण सर्दी व शीत लहर की चपेट में है। आज भी ऐसे लोग हैं जो दिन—रात खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हैं। ठंड से बचाव के लिए उनके पास पर्याप्त साधन व कपडेध तक नहीं होते हैं। हम सभी को ऐसे लोगों की मदद के लिए हमें हमेशा तैयार रहना चाहिए। सरकार की ओर से समस्याओं को समाप्त करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। हाड़ कंपाने वाली सर्दी से राहत पहुंचाने के लिए सरकार की ओर से असहायों को कंबल दिए गए हैं। नगर पालिका अध्यक्षा सबिता गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से शीत लहर व ठंड से बचाव के लिए कमजोर, गरीब व असहाय वर्ग के लोगों को निरूशुल्क कम्बल वितरण किया गया है। पालिका अध्यक्षा के हाथों कंबल प्रकार लोगों के चेहरे खिल उठे। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाएं गरीबों तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। कोई भी पात्र योजनाओं का लाभ पाने से वंचित नहीं रहने पाएगा। अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा ने बताया कि करीब दो हजार कंबल वितरण होने हैं। 25 वार्डों के सभासदों को 60 कंबल प्रति सभासद के दर से 1500 गरीबों में वितरित करने के लिए दिया गया है। 500 कंबल नगर पालिका अध्यक्ष व अन्य जनप्रतिनिधियों के माध्यम से वितरित किया गया है।

इस मौके पर सभासद विष्णु गुप्ता, शुभम चौरसिया, अबू तोराब शाह, अलमास जहरा, अभिषेक गुप्ता, मनीष कौशल, विकास गुप्ता, समाजसेवी आदिल हुसैन सहित अन्य सभासद व पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# चकरोड से कब्जा न हटाने में तहसीलदार समेत पांच फंसे

**संवाददाता—गोंडा।** तहसीलदार सदर सत्यपाल सिंह के साथ राजस्व विभाग के जुड़े पांच लोगों को जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही भारी पड़ी। शुक्रवार को जनता दर्शन में प्रकरण सामने आने पर डीएम नेहा शर्मा इन सभी के खिलाफ कार्यवाही के आदेश जारी कर दिए गए हैं। तहसीलदार सदर को नोटिस जारी करके तीन दिन में जवाब मांगा है। अन्य के खिलाफ विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की गई है। तहसील गोण्डा के खिरौरा मोहन (चिलबिला खत्तीपुर) के राम किशुन मिश्र ने बीते 18 अक्तूबर को डीएम के समक्ष सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत दर्ज कराई थी।

# निर्माणाधीन आवासों का जायजा लिया

**संवाददाता—श्रावस्ती।** एसपी ने शुक्रवार सुबह रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन पहुंचे एसपी ने सबसे पहले परेड़ ग्राउंड में आयोजित परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन में बन रहे आवासों का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लहया। इसके बाद उन्होंने डायल 112 के वाहनों व उसमें रखे उपकरणों की जांच की और बेहतर रखरखाव के लिए निर्देशित किया। इसके बाद एसपी ने पुलिस लाइन का भ्रमण कर क्वार्टर गार्ड को देखा और स्टोर में पहुंचकर अभिलेखों की जांच की। भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता को चेक किया। निरीक्षण के दौरान सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# ईंट भट्ठे पर काम कर रहे दो बालश्रमिक मुक्त कराए गए

**संवाददाता—श्रावस्ती।** बालश्रम, बालभिक्षा वृत्ति, मानव तस्करी व बाल विवाह रोकने को अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत ईंट भट्ठे पर काम करते मिले दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। साथ ही लोगों को अभियान के प्रति जागरूक किया गया। शुक्रवार को एएचटीयू व श्रम विभाग की संयुक्त टीम की ओर से कोतवाली भिनगा क्षेत्र में अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम की ओर से दुकानों व ईंट भट्ठों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान संयुक्त टीम की ओर दो नाबालिग बच्चों को ईंट भट्ठे पर बालश्रम करते हुए पाया गया। दोनों बच्चों को रेस्क्यू कर बालश्रम से मुक्त कराकर मेडिकल परीक्षण के बाद आगे की कार्रवाई के लिए सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सीडब्ल्यूसी की ओर से विधिक कार्यवाही पूरी कर दोनों बच्चों को उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। साथ ही भविष्य में बच्चों से दोबारा बालश्रम न कराने की हिदायत दी गई। इसके अलावा लोगों को बालश्रम, बालविवाह आदि के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही ऐसा न करने के लिए प्रेरित किया गया। लोगों को बताया गया कि यह कानूनन अपराध है। बालश्रम या बाल विवाह करने पर जुर्माने के साथ ही सजा होगी। टीम में एएचटीयू आरक्षी देवेंद्र कुमार मौर्य, आरक्षी अभिषेक कुमार, श्रम विभाग से श्रम इंस्पेक्टर दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# भाजपा ने नारी सशक्तिकरण मजबूत करने का काम किया –कैलाश

**संवाददाता—बलरामपुर।** ग्राम पंचायत परासिया कला व शिव चरनडीह में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल रहे। ग्राम प्रधान लक्ष्मी जयसवाल व गणेश प्रजापति ने मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को केंद्र पर प्रदेश सरकार की योजनाओं बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया। विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टाल पर पहुंचकर लोगों योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

विधायक कैलाश नाथ शुक्ल ने कहा कि भाजपा सरकार ने गुंडागर्दी व अराजकता पर विराम लगाकर नारी सशक्तिकरण योजना को मजबूत करने का काम किया है। जिससे आज महिलाएं, बेटियां व युवतियां निःसंकोच अकेले स्कूल, कोचिंग या किसी शादी समारोह आदि में कहीं भी बिना भय के आ—जा पा रही हैं। समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने का काम मोदी एवं योगी सरकार की ओर से किया जा रहा है। ग्राम पंचायत शिव चरनडीह में विधानसभा विस्तारक शुभम तिवारी ने सभी को योजनाओं की जानकारी दी। योगी मोदी के नेतृत्व में जाति विशेष के आधार पर विकास नहीं किया जाता है। सबका साथ, सबका विकास व सबका सम्मान के सिद्धांत पर सरकार काम कर रही है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री प्रवेश मिश्रा, ग्राम पंचायत सचिव कृपा शंकर त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी राजीव मोहन त्रिपाठी, ब्लॉक प्रधान संघ अध्यक्ष जगदंबा प्रसाद मिश्र, गणेश प्रसाद सोनी, महंतराम गुप्ता, रवि जायसवाल, प्रदीप प्रजापति सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


# भाजपा नेता ने कैसरगंज सांसद को भेंट किया श्री राम दरबार

**संवाददाता—बलरामपुर।** कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह के जन्मदिवस पर भाजपा नेता प्रकाश चंद्र मिश्रा ने श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान के तहत श्रीराम दरबार भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी। कैसरगंज सांसद ने कहा कि भाजपा जो कहती है उसे कर दिखाती है। जिसका सीधा उदाहरण श्रीराम मंदिर निर्माण है। इसे लोग दावा समझते थे, लेकिन भाजपा ने उसे पूरा करके भारत देश के जनमानस के लंबे इंतजार को खत्म किया है। केन्द्र व प्रदेश सरकार के प्रयास से शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा के साथ—साथ सड़क, बिजली व पानी जैसे मूलभूत समस्याओं से लोगों को छुटकारा मिल रहा है। भाजपा नेता प्रकाश चंद मिश्रा ने कैसरगंज सांसद से मुलाकात कर श्रावस्ती लोकसभा के दोनों जिलों के विकास कार्य सहित अन्य मुद्दों पर वार्ता किया। इस दौरान उमेश कुमार तिवारी, सुनील कुमार, धर्मेंद्र कुमार चौरसिया, अभिजीत कुमार सहित कई भाजपा नेता व बुद्धिजीवी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित किए गए विविध कार्यक्रम

**संवाददाता—श्रावस्ती।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें युवाओं को देश की उन्नति में सहभागी बनने के लिए तैयार होने की अपील की। सत्य नारायण उच्च शिक्षा संस्थान में छात्रों को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। सत्य नारायण उच्च शिक्षा संस्थान तुलसीपुर में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रीय युवा दिवस पर उद्बोधन दिखाया गया। संस्थान के सभागार में सभी विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री का उद्बोधन देखा। इसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार की तकनीकी शिक्षा मुहैय्या कराए जाने के लिए छात्रों को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान 68 छात्रों को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर एमएल वर्मा क्षेत्रीय संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ अवध क्षेत्र रहे। प्रोफेसर एमएल वर्मा ने कहा कि आज के युवा इस देश का भविष्य है। इसलिए वे तकनीकी विधियों का उपयोग करते हुए अपना विशिष्ट योगदान राष्ट्र सेवा के लिए करें। युवाओं को देश की उन्नति में सहभागी बनना है। इसलिए अभी से राष्ट्रहित को प्राथमिकता दें। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं प्रोफेसर प्रतिमा वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को विश्व स्तर पर प्रतियोगिता के लिए तैयार होना चाहिए और राष्ट्र के हर कार्यक्रम में भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर प्रहलाद कुमार पटेल, शोभा राम वर्मा, अरविंद मिश्रा, नंदिनी पोरवाल, संजय वर्मा, संस्थान के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# प्रतिभा और काबिलियत के बूते कामयाबी के फलक चमक रहे महराजगंज के सितारे





**संवाददाता—महराजगंज।** कला, साहित्य, संस्कृति, संगीत, प्रशासन, विज्ञान के क्षेत्र में अपनी काबीलियत व प्रतिभा के दम पर ऐसे युवाओं की लंबी फेहरिस्त है, जो कामयाबी की फलक पर चमकते हुए अन्य युवाओं को प्रेरित करते हुए उनको तरक्की की राह दिखा रहे हैं। जिले के निवासी राघवेन्द्र प्रताप सिंह, अमित अंजन विमल पांडेय, गूंजा, त्रिभुवन वर्मा ऐसे ही युवाओं में शामिल हैं। मेहनत व लगन से अपनी कामयाबी की इबारत लिखा और अब आगे बढ़ने की ललक संजोए युवाओं के लिए रोल मॉडल बने हैं। जिले के सिसवा कस्बे के कम उम्र में गायकी की दुनिया में अंतरराष्ट्रीय फलक पर अपनी पहचान बनाने वाले अमित अंजन अपनी काबिलियत के दम पर उभरे हैं। उत्तर प्रदेश संगीत नाट्य अकादमी का सदस्य होने के साथ ही अमित राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला के हाथों पूर्वांचल रत्न से सम्मानित हो चुके हैं। अमित की प्रारंभिक शिक्षा सिसवा कस्बे से ही हुई है। अमित के किशोरावस्था में भजन गायकी के शुरू हुए सफर ने उन्हें सिंगापुर, थाईलैंड, मलेशिया, नेपाल जैसे कई देशों में प्रशसंकों की लंबी फेहरिस्त बनाई है। वर्तमान में अमित दवा व्यवसाई होने के साथ उत्तर प्रदेश के संगीत नाटक अकादमी (संस्कृति विभाग) के कार्यकारिणी सदस्य हैं। साथ ही यूपीडीएफ के जनपद के अध्यक्ष के पद पर रहकर सामाजिक कार्यों में प्रमुख रूप से सहभागिता निभाते चले आ रहे हैं। भोजपुरी साहित्य के स्वर्गीय भिखारी ठाकुर द्वारा रचित बेटी बेचवा एलबम में अमित अंजन के हृदयस्पर्शी स्वर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले की माटी का मान बढ़ाया था। इधर अयोध्या के नूतन मंदिर में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अमित अंजन का एलबम जब—जब भगवा लहराता है, ने पूरे देश में धूम मचाने के साथ प्रभु श्रीराम के नाम का अलख जगा रही है।

महराजगंज नगरपालिका के शास्त्रीनगर निवासी ताइक्वांडो प्रशिक्षक अभिषेक कुमार विश्वकर्मा का बचपन से ताइक्वांडो खेल मे रुचि की वजह से खेल क्षेत्र को कैरियर चुना। स्नातक तक की पढ़ाई करने के बाद फिजिकल एजूकेशन से स्नातक (बीपीएड)और फिर मास्टर डिग्री (एमपीएड )तक शिक्षा प्राप्त किया। इसके साथ स्वयं कई राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग भी किया है। वह ताइक्वांडो खेल में ब्लैक बेल्ट की उपाधि ग्रहण करने के साथ नेशनल रेफरी का भी कोर्स किया। इसके बाद जनपद के विभिन्न स्थानों पर स्थित स्कूल—कालेजों के छात्र—छात्राओं को आत्म सुरक्षा को लेकर ताइक्वांडो खेल का प्रशिक्षण वर्ष 2010 से प्रारम्भ किया। वर्ष 2011 में महराजगंज डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन का गठन करने के उपरान्त यह संस्था पूरे जिले में अब कार्य सूचारु रूप से काम कर रही है। इस समय तमाम ताइक्वांडो खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता से लेकर प्रदेश स्तरिय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। नगरपालिका क्षेत्र के सरोजनीनगर निवासी राकेश गुप्ता एक बिजनेस लीडर और एक्टिविस्ट हैं। वह उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले में एक मध्यवर्गीय परिवार में पले—बढ़े। इन्होंने कम उम्र में ही व्यवसाय में रुचि लेकर दूसरे को भी प्रोत्साहित किया। राकेश गुप्ता अपने माता—पिता के नाम तुसीराम चंद्रावती देवी जन कल्याण सेवा संस्थान के नाम से संचालित चौरिटेबल फाउंडेशन के अध्यक्ष भी हैं। वह अपना धन समाज को वापस देने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। पहले अपने गृह जिले महराजगंज को महानगंज बनाने का उनका सपना ज्यादातर लोगों को दूर की कौड़ी लगता था। पर आगे आकर कला, कारोबार के क्षेत्र में काम शुरु करके दूसरे को काफी प्रेरित किया है। वह अभी भी एक ही सपना महराजगंज को महानगंज बनाने के मिशन में लगे हुए हैं। वर्ष 2011 में शुरु किए गए टैलेंट हंट से तमाम कलाकार अब देश विदेश मे जिले का नाम कर रहे हैं।

प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। अगर इसे परिश्रम व लगन से निखार दिया जाए तो नाम रोशन होने में देर नहीं लगती। कुछ ऐसा ही कर दिखाई है जिले की बेटी गूंजा ने। फ्रांस के नारमेंडी शहर में कुछ वर्ष पहले हुए 19वीं वर्ल्ड स्कूल समर जिमनासाइड प्रतियोगिता के लिए उसका चयन हुआ था। उस समय पुणे के सहाद्री नेशनल स्कूल में कुश्ती की तैयारी कर रही थी। पांच भाई—बहन में से तीसरे नंबर की गूंजा यादव पनियरा क्षेत्र के नेवास पोखर गांव के हरनहिया टोला निवासी पहलवान जलांधर यादव की बेटी है। वह गोरखपुर वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर में नौवीं की छात्रा है। उसके साथ तीनों भाई राकेश, जितेन्द्र, बृजेश भी स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर में पढ़ कर कुश्ती सीख रहे हैं। वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में पढ़ने के दौरान वह दो बार स्कूल स्तर पर आयोजित स्टेट चौम्पियन भी रह चुकी है। पिछले साल नेशनल स्तर पर बैंगलोर के जेएसडब्लू में हुई कुश्ती प्रतियोगिता में वह रनर रही। पर फाइनल में हार गई थी। निचलौल तहसील क्षेत्र के गौरी निपनिया गांव निवासी विमल पांडेय की रूपहले पर्दे पर अलग पहचान है। टीवी शो से अभियन की दुनिया में प्रवेश करने वाले विमल पांडेय वॉलीवुड में वन डे फिल्म में अनुपम खेर व ईशा गुप्ता के साथ काम कर चुके हैं। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में हीरा बाबू एमबीबीएस, चांद जैसी दुलहिन हमार समेत 23 फिल्म कर चुके हैं। भोजपुरी फिल्म का वेस्ट एक्टर का अवार्ड से भी सम्मानित हो चुके हैं। आने वाली फिल्मों में लगन पत्रिका, नजराना, मेरे हमसफर, कृष्णा, मीत, स्वर्ग जइसन घर हमार आदि शामिल हैं। हाल ही में सरस सलिल सीने वार्ड में भी विमल को सम्मानित किया जा चुका है। विमल पांडेय का कहना है कि बाहर से देखने पर हर चीज आसान लगती है, लेकिन सफलता के लिए मेहनत व पूरी जानकारी जरूरी है। स्थानीय जवाहर लाल नेहरु स्मारक पीजी कालेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष त्रिभुवन वर्मा राजनीति के क्षेत्र में उभरते सितारे हैं।

नगरपालिका के शिवनगर निवासी त्रिभुवन वर्मा पीजी कालेज में पढ़ाई—लिखाई के दौरान छात्र—छात्राओं को एकजुट करके छात्र राजनीति में कदम रखा। सक्रिय राजनीति में कदम रखने के बाद वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य चुने गए हैं। वह युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव तत्पर रहते हैं। वह आगे आकर कई युवाओं को खेल, शिक्षा आदि क्षेत्रों में मदद भी करने से कभी पीछे नहीं हटते हैं उनका कहना है कि युवाओं को प्रोत्साहन मिले तो वह अपनी राह खुद बना सकते हैं।

# रिश्वत लेते बिजली विभाग का जेई और एसएसओ को एंटी करप्शन टीम ने किया गिरफ्तार



**संवाददाता—गोण्डा।** जिले में एंटी करप्शन टीम ने जेई और एसएसओ घूस लेते रंग के हाथों गिरफ्तार किया है। जिससे बिजली विभाग में हड़कंप मच गया है। एक उपभोक्ता से बिजली कनेक्शन देने के नाम पर रिश्वत लेना विद्युत उपकेंद्र के जेई और एसएसओ को भारी पड़ गया। विद्युत उपभोक्ता की सूचना पर एंटी करप्शन टीम ने मौके पर पहुंचकर बिजली विभाग के अवर अभियंता तथा एसएसओ को रंग के हाथों गिरफ्तार कर लिया। टीम ने गिरफ्तार करने के बाद दोनों कर्मचारियों को नगर कोतवाली लाई। जहां पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों कर्मचारियों को जेल भेज दिया गया है। डुमरियाडीह विद्युत उपकेंद्र पर तैनात अवर अभियंता कपिल देव वर्मा तथा संविदा कर्मी एसएसओ रघुनंदन उर्फ विनायक सिंह ने क्षेत्र के एक व्यक्ति से विद्युत कनेक्शन देने के नाम पर 7 हजार रुपए का घुस मांगा था। उपभोक्ता ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम के अधिकारियों से किया था। शिकायत के बाद एंटी करप्शन टीम ने घूसखोर कर्मचारियों को पकड़ने के लिए अपना जाल बिछाया। शुक्रवार को टीम को सूचना देने के बाद उपभोक्ता 7 हजार रुपए लेकर विद्युत उपकेंद्र पहुंचा। एंटी करप्शन टीम इससे पहले सब स्टेशन के आसपास मौजूद रही। जैसे ही उपभोक्ता ने अवर अभियंता और एसएसओ की मौजूदगी में रुपए निकाल कर दिया। एंटी करप्शन टीम के अधिकारियों ने तत्काल अवर अभियंता तथा एसएसओ को रंगे हाथों घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। यह सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई। जिससे विभाग में हड़कंप मच गया। एंटी करप्शन टीम ने जिन दोनों बिजली विभाग के कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। उसमें अवर अभियंता कपिल देव वर्मा अयोध्या जनपद के हैदरगंज थाना क्षेत्र के गांव बसंतीपुरा का तथा संविदा कर्मी एसएसओ रघुनंदन उर्फ विनायक सिंह वजीरगंज थाना के गांव मजगंवा का रहने वाला है। टीम ने दोनों के खिलाफ नगर कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

# नहर ओवरफ्लो होने से सौ एकड़ गेहूं की फसल डूबी

**संवाददाता—देवरिया।** सिंचाई विभाग द्वारा हाटा रजवाहा नहर में सफाई कराये बिना ही पानी छोड़ देने से घटैला चेती के पास ओवर फ्लो होने से करीब सौ एकड़ गेहूं की फसल जलमग्न हो गयी है। इससे फसल बर्बाद होने के चलते किसानों की पूंजी डूबने की आशंका है। किसान नेता अजीत कुमार त्रिपाठी ने जिला प्रशासन से बर्बाद फसल का आकलन कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

रवी सीजन में नहरों की सफाई कराने के बाद उसमें फसलों की सिंचाई करने को पानी छोड़ा जाता है। लेकिन हाटा रजवाहा नहर में आधी—अधूरी सफाई होने के बाद ही पानी छोड़ दिया गया। बताया जाता है कि विभाग से भुगतान नहीं होने के चलते ठेकेदार ने आधा सफाई कराने के बाद काम छोड़ दिया। सिंचाई विभाग व ठेकेदार की मनमानी का खामियाजा क्षेत्र के किसानों को भुगतना पड़ा है। नहर में पानी छोड़ने के बाद झाड़—झंखाड़ होने चलते पानी ओवरफ्लो होकर गेहूं की सफलों को डूबो दिया। इससे दर्जनों किसानों का करीब सौ एकड़ गेहूं की फसल पानी में डूब गयी है। कई किसानों ने कुछ दिन पहले ही गेहूं की बुवाई की थी और उनकी फसल पानी में डूबकर बर्बाद हो गयी है। किसान नेता अजीत कुमार त्रिपाठी ने इसकी शिकायत सिंचाई खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता से की। एक्सईएन ने बताया कि ठेकेदार बीच में काम छोड़कर भाग गया, जबकि कुछ ठेकेदारों ने बताया कि भुगतान नहीं होने से ठेकेदार ने काम पूरा नहीं किया। किसान नेता ने किसानों की बर्बाद फसल का आकलन कराकर जिला प्रशासन ने मुआवजा भुगतान कराने की मांग है।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन भंडारे का करें आयोजन



**संवाददाता–गोरखपुर।** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा ने कि अपने गांवों में श्भंडाराश आयोजित करें और गरीबों को खाना खिलाएं...अपने घरों, मंदिरों और घाटों पर 'दीये' जलाएं...मैं 22 जनवरी के कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई देता हूं। यह बात सीएम योगी ने गोरखपुर में अयोजित सांसद खेल एवं लोक कला महाकुम्भ 2023–24 के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण के कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि यह उत्तर प्रदेश के लिए गौरव की बात है कि यहां से अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकले। इन खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप प्रदेश सरकार खेलों के विकास और खिलाड़ियों के भरपूर प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए धन की कोई कमी नहीं है। खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश में बड़े पैमाने पर संसाधन मजबूत किए जा रहे हैं। ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ आदि प्रतियोगिताओं में पदक विजेता प्रदेश के खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार राशि देने के साथ उनको राजपत्रित अधिकारी के रूप में नियुक्तिपत्र वितरण की प्रक्रिया प्रख्यापित है। खिलाड़ी शासन से मिल रही सुविधाओं और अपनी खेल भावना से प्रदेश में खेल के माहौल को और समृद्ध करें।

# धूमधाम से मनाई गई विवेकानंद जी की जयंती



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। इंडियन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बस्ती के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रबंधक कैलाशनाथ दूबे और प्रधानाचार्य आर के उस्मानी ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधक कैलाशनाथ दूबे ने कहा कि स्वामी विवेकानंद सिर्फ भारत ही नहीं वरन् सम्पूर्ण विश्व में यूथ आइकॉन के रुप में जाने जाते हैं, हम सौभाग्यशाली हैं कि हम ऐसे देश में पैदा हुए जहां से स्वामी जी ने अपने ज्ञान से भारतीय संस्कृति और सभ्यता के प्रकाश को कोने कोने तक पहुंचाया। प्रधानाचार्य आर के उस्मानी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबके अंदर स्वामी विवेकानंद मौजूद हैं बस जरूरत सिर्फ अपनी ताकत को पहचानने की है , आपका जन्म दुनिया को नई राह दिखाने व देने के लिए हुआ है न कि सिर्फ पारंपरिक राह पर चलने के लिए द। शिक्षक – शिक्षिकाओं और बच्चों ने भी अपने – अपने शब्दों में स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डाला । इस मौके पर रत्नेश मिश्रा , वैशाली सिंह , प्रेम कुमार श्रीवास्तव, वीरेंद्र सिंह, चंद्र प्रकाश मिश्र, हेमंत त्रिपाठी, प्रिंस सिंह, विनोद उपाध्याय, अल्का श्रीवास्तव, सुनीता मिश्रा, मनीषा बरनवाल , रीना त्रिपाठी, चांदनी वर्मा, श्वेता गुप्ता, प्रतिभा गुप्ता, आशुतोष अग्रहरि, ब्रह्मदेव सहित समस्त स्टाफ और बच्चे मौजूद रहे।

# सोलर पंप ने घटाई हजारों लीटर डीजल की खपत

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** खेतों में सिंचाई के लिए प्रयुक्त होने वाले सोलरपंप किसानों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। अब तक जिले में सात सौ से अधिक सोलरपंप लग चुके हैं। अब ये पंप खाड़ी देशों को आर्थिक चोट पहुंचाने के साथ – साथ पर्यावरण का भी सुधार कर रहे हैं। वातावरण बेहतर हो रहा है। इससे गांव से लेकर शहर तक के लोगों का अप्रत्यक्ष रूप से फायदा हो रहा है। एक दशक के अंदर जिले में 715 सोलर पंप लग चुके हैं। इन सोलर पंपों से किसान अपने खेतों में सिंचाई कर रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार 150 दिन ही इन पंपों से सिंचाई की जाती है। इस दौरान 690 लीटर डीजल की खपत होती है। एक साल के अंदर जिले में चार लाख 83 हजार लीटर डीजल के खपत के बाराबर सिंचाई हो रही है। इतनी मात्रा में डीजल कम प्रयोग होने से तेल के आयात पर भी प्रभाव पड़ा है। खाड़ी देशों से तेल आने की वजह से वहां की अर्थव्यवस्था पर भी सोलर पंप करारी चोट दे रहे हैं। उप निदेशक कृषि डॉ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि सोलरपंप लगाते समय इस बात का आंकलन नहीं किया गया था कि सोलर पंप से किसानों के साथ–साथ भारतीय अर्थ व्यवस्था को भी लाभ होगा। यह तो प्रत्यक्ष उदाहरण है।

# रणजी ट्राफी में कमाल दिखाएंगे पूर्वोत्तर रेलवे के तीन खिलाड़ी

**संवाददाता–गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के तीन खिलाड़ियों का चयन रणजी ट्रॉफी के लिए हुआ है। रेलवे बोर्ड ने बीसीसीआई के तहत खेले जाने वाले रणजी ट्रॉफी के लिए इन खिलाड़ियों का चयन किया है। रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड की ओर से जारी 15 खिलाड़ियों की सूची में इन तीनों के नाम शामिल हैं। चयनित तीनों खिलाड़ियों में बरेली निवासी युवराज सिंह डीआरएम ऑफिस इज्जतनगर, कानपुर निवासी उपेंद्र सिंह यादव डीआरएम ऑफिस लखनऊ और लखनऊ निवासी साहब युवराज सिंह डीआरएम ऑफिस लखनऊ में तैनात हैं। ये तीनों इंडियन रेलवे सीनियर मेन क्रिकेट टीम के सदस्य हैं। चयनित तीनों खिलाड़ी इसके पूर्व मुश्ताक अली व विजय हजारे ट्रॉफी भी खेल चुके हैं। कोच रंजीत यादव के अनुसार, उपेंद्र यादव आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। वह इंडिया ए टीम से दक्षिण अफ्रीका व बांग्लादेश का टूर कर चुके हैं, जबकि मीडियम पेसर गेंदबाज व बल्लेबाज युवराज सिंह अप्रैल 2023 में इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेल चुके हैं। साहब युवराज सिंह भी एक बेहतर गेंदबाज व बल्लेबाज हैं।

# पुस्तक मेले में याद किये गये स्वामी विवेकानन्द



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । नेशनल बुक ट्रस्ट और युवा विकास समिति के सौजन्य से टाउन क्लब बस्ती में आयोजित पुस्तक मेले के छठवें दिन स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आर्य वीर दल बस्ती के बच्चों द्वारा प्रशिक्षक राहुल आर्य के नेतृत्व में सर्वांग सुंदर व्यायाम, जूडो कराटे, सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार और स्तूपों का प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजमाता आशिमा सिंह, विशिष्ट अतिथि जगदीश शुक्ला, गोपेश्वर त्रिपाठी, अनुराग यादव, रोशनी और कामना पाण्डेय जिला प्रभारी, महिला पतंजलि योग ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन देवव्रत आर्य और पंकज त्रिपाठी ने किया।

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि राजमाता आसमा सिंह ने कहा कि आर्य वीर दल हिंदू समाज का प्राण है। प्रत्येक घर के बच्चों में आत्मरक्षा के गुण होने चाहिए। ओम प्रकाश आर्य ने कहा कि आर्य वीर दल आर्य समाज का सैन्य संगठन है जो देश और धर्म की रक्षा के लिए कार्य कर रहा है। इस अवसर पर युवा विकास समिति द्वारा आर्य वीर दल के संरक्षक वेद कुमार आर्य, कमिश्नरी संचालक मनोज कुमार देवव्रत, प्रशिक्षक राहुल आर्य, राजेन्द्र जायसवालऔर बिन्देश आर्य और आर्य वीर वीरांगनाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर महिला योग प्रशिक्षिकाओं कामना पाण्डेय, रश्मि गुप्ता किरण जायसवाल अर्चना चौधरी और बबली शर्मा को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सावित्री विद्या विहार इंडियन पब्लिक स्कूल ओमनी इंटरनेशनल राजकीय कन्या विद्यालय बस्ती, भारत विकास परिषद के बालक बालिकाओं ने गीत कविता एवं चित्रकला के माध्यम से स्वामी विवेकानंद को याद किया और उनके जीवन से प्रेरणा प्राप्त की और सहभोज का आनन्द लिया। इसके पश्चात बच्चों ने पुस्तक मेले का निरीक्षण करते हुए खूब पुस्तकें खरीदी। आयोजक बृहस्पति पाण्डेय ने सम्मिलित लोगों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र पाण्डेय, शन्नो दुबे, डॉक्टर नवीन सिंह, शशिकला श्रीवास्तव, राममूर्ति मिश्र, नीलम मिश्रा, संध्या दीक्षित, रजनी मिश्र, राम मोहन पाल, नीतीश कुमार सहित अनेक लोग सम्मिलित रहे।

# रामभक्तों के लिए बनेगी जर्मन हैंगर टेंट सिटी, आज होगा स्थान का भूमि पूजन

**संवाददाता–अयोध्या।** भाजपा की राम दर्शन यात्रा के माध्यम से देशभर से आने वाले भक्तों के ठहरने के लिए जर्मन हैंगर टेंट सिटी का निर्माण कराया जाएगा। इसमें रोजाना 25 हजार लोग ठहर सकेंगे। इनके रहने, खाने, पीने के साथ कई तरह की सुख–सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद भाजपा की राम दर्शन यात्रा शुरू होगी। इसके माध्यम से विभिन्न प्रदेशों से रोज 20 से 25 हजार रामभक्त अयोध्या आएंगे। इनके ठहरने के लिए बूथ नंवर चार के पास आवास विकास परिषद की ओर से अधिग्रहित की गई भूमि पर विशाल टेंट सिटी बनवाई जाएगी। इसके लिए शनिवार को श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय भूमि पूजन करेंगे। भूमि पूजन के बाद टेंट सिटी का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। इसे 10 दिन की निर्धारित अवधि में तैयार किए जाने का लक्ष्य तय किया गया है। इस बारे में राम दर्शन यात्रा के आवास व्यवस्था प्रभारी अभिषेक मिश्र ने बताया कि टेंट सिटी में ठहरने के लिए डारमेट्री और हॉल का निर्माण कराया जाएगा। महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग–अलग व्यवस्था होगी। इनके लिए चारपाई के साथ रजाई, तकिया और गद्दे उपलब्ध होंगे। भोजन बनाने के लिए रसोई और खाना खिलाने के लिए अलग से स्थान निर्धारित होगा। बैठकर खाने की सुविधा रहेगी। पीने और नहाने के लिए गर्म व ठंडा दोनों पानी मिलेगा। आने वाले श्रद्धालुओं के भजन–कीर्तन करने के लिए अलग से एक हॉल बनवाया जाएगा। यहीं से सभी श्रद्धालुओं को वाहनों से रामलला के दर्शन के लिए ले जाया जाएगा। अयोध्या दर्शन के बाद फिर यहीं पर वापस लाकर ठहराएंगे।

# 10 हजार सीसीटीवी कैमरे अयोध्या के चप्पे-चप्पे पर रखेंगे नजर, स्पेशल डीजी ने दिए आदेश



**संवाददाता–अयोध्या।** अयोध्या का भव्य रामलाल का मंदिर बनकर तैयार है। 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी। हर राम भक्त हो इस दिन का बेसब्री से इंतजार था। रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के पहले विधिवत पूजा अर्चना करने की तैयारी की जा रही है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए जा रहे लोगों के लिए स्पाइस जेट ने स्पेशल फ्लाइट का एलान किया है। स्पाइस जेट कंपनी ने कहा है कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए 21 जनवरी से जाने वाले लोगों के लिए राजधानी दिल्ली से अयोध्या के लिए स्पेशल फ्लाइट चलेंगी। बता दें कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। बीती 30 दिसंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महर्षि वाल्मीकी इंटरनेशनल एयरपोर्ट का अयोध्या में उद्घाटन किया था।

राम मंदिर के प्राण मंदिर समारोह के दिन प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी पर्व त्योहारों के दृष्टिगत सुदृढ़ कानून–व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के संबंध में की जा रही तैयारियों की समीक्षा के दौरान इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाओं के साथ सरकारी दफ्तरों को भी बंद रखा जाए। वीवीआईपी मूवमेंट के दृष्टिगत अयोध्या जाने वाले हर प्रमुख मार्ग को ग्रीन कॉरीडोर बनाया जाए। योगी ने कहा कि समारोह में देश–विदेश से धर्म, राजनीति, उद्योग, विज्ञान, सिनेमा, साहित्य, कला सहित अनेक क्षेत्रों के लब्धप्रतिष्ठ जन, संत समाज साक्षी बनेगा। तत्पश्चात मकर संक्रांति से गोरखपुर में खिचड़ी मेला, प्रयागराज में माघ मेला प्रारंभ हो रहा है। फर्रुखाबाद में भी प्राचीनकाल से कल्पवास की व्यवस्था है। वहीं, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह है। यह समय अत्यंत संवेदनशील है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओवैसी ने बाबरी मस्जिद का नाम लिए बिना 6 दिसंबर की घटना का जिक्र किया है। ओवैसी ने सवालिया अंदाज में कहा है कि देखिए, अगर 6 दिसंबर नहीं होता तो क्या होता? कोठारी ब्रदर्स की बहन पूर्णिमा कोठारी ने कहा कि पिछले 33 साल में यह पहली खुशी है। हमने अपने भाइयों के बलिदान के बाद 33 साल तक इंतजार किया और हम बहुत खुश हैं। 33 साल पहले मेरे भाइयों के साथ जो हुआ मैं कुछ भी नहीं भूली हूं। आज हम भव्य राम मंदिर को अपनी आंखों के सामने देख पा रहे हैं। लेकिन एक समय, हमने सारी उम्मीदें खो दीं... मुझे लगा कि मैं इसे कभी नहीं देख पाऊंगी... मैं खुश और गौरवान्वित हूं... मेरे भाइयों के बलिदान को आज उचित सम्मान मिल रहा है।

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का इंतजार देश–विदेश में फैले करोड़ों रामभक्त कर रहे हैं। ऐसे में नगर की सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर स्पेशल डीजी (लॉ एंड ऑर्डर) प्रशांत कुमार ने कहा कि अयोध्या में जो कार्यक्रम है वो देश और पूरे विश्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। उसके लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। सीसीटीवी द्वारा भी निगरानी कराई जा रही है। कार्यक्रम के दिन और उसके बाद आने वाले सभी श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई असुविधा ना हो, इसके लिए भी बेहतर व्यवस्था मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि अयोध्या में 10,000 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

जन्मभूमि पर 22 जनवरी को प्राण–प्रतिष्ठा के मौके पर रामलला की मुक्ति के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष करने वाले इकलौते मित्र जस्टिस देवकीनंदन अग्रवाल की याद आयोजकों को आई है। जन्मभूमि की मुक्ति के लिए रामलला विराजमान के सखा के रूप में मुकदमा दाखिल करने वाले न्यायमूर्ति देवकी नंदन अब इस दुनिया में नहीं रहे, लेकिन बर्मिंघम में रहने वाली उनकी पुत्री डॉ. मीनू अग्रवाल अपनी पुत्री के साथ अयोध्या के समारोह में विशिष्ट मेहमान बनकर आएंगी।

कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हम राम मंदिर का निर्माण पूरा होते देख सकते हैं। मुझे लगता है कि 22 जनवरी भारत में राम राज्य की पुनः स्थापना की तारीख है। राम मंदिर थीम पर बनी बनारसी साड़ियों की डिमांड अब विदेशों में भी हो रही है। खास उचंत बुनकरी की कला से तैयार ये साड़ियां इटली और सिंगापुर भेजी जा रही हैं। अब जब अयोध्या राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, तब इन साड़ियों की मांग और बढ़ने की उम्मीद है। लोहता कोरौता निवासी सर्वेश कुमार श्रीवास्तव खास उचंत बुनकरी कला से ये बनारसी साड़ियां तैयार कर रहे हैं। सर्वेश के मुताबिक मौजूदा समय में इन साड़ियों की मांग बढ़ गई है। इटली, सिंगापुर के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र, बंगलूरू और चेन्नई से खास ऑर्डर मिले हैं। हाल ही में उन्होंने राम मंदिर डिजाइन वाली साड़ी इटली भेजी है। इस बनारसी साड़ी के आंचल पर राम मंदिर और बॉर्डर पर सरयू की डिजाइन बनाई गई है।

राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठापन जब किया जाता है तब उसका एक विधि विधान होता है, क्या ये कार्यक्रम धार्मिक है? अगर ये कार्यक्रम धार्मिक है तो क्या विधा विधान से कार्यक्रम किया जा रहा है? अगर ये कार्यक्रम धार्मिक है तो क्या चारों पीठों के हमारे शंकराचार्य की सलाह और देख–रेख से इस कार्यक्रम का स्वरूप तय किया जा रहा? चारों शंकराचार्य कह चुके हैं कि एक अधुरे मंदिर की प्राण प्रतिष्ठापन नहीं की जा सकती है। अगर ये कार्यक्रम धार्मिक नहीं है तो ये कार्यक्रम राजनीतिक है।

भगवत का कहना है कि रामलला के वस्त्र दिन के अनुसार तैयार किए जाते हैं। सोमवार को सफेद, मंगलवार को लाल, बुधवार को हरा, गुरुवार को पीला, शुक्रवार को क्रीम, शनिवार को नीला और रविवार के लिए गुलाबी रंग का वस्त्र तैयार किया जाता है। भगवत ने बताया कि भगवान रामलला के लिए सात दिन के हिसाब से कपड़े तैयार किए जाते हैं। इसको तैयार करने में लगभग 10 हजार रुपये का खर्च आता है। इसमें तीन पर्दे, एक बड़ा बिछौना, छह छोटे बिछौने, छह दुपट्टा और रजाई शामिल हैं। वशिष्ठ कुंड के पास रामलला के दर्जी भगवत प्रसाद पहाड़ी की मशीनों की खटर–पटर तो जारी है, लेकिन रामलला के पोशाक को तैयार करने का काम फिलहाल बंद है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से रामलला की मूर्ति की नाप नहीं मिलने के कारण प्रमुख विग्रह के कपड़े वह नहीं तैयार कर पा रहे हैं।

भगवत का कहना है कि जब ट्रस्ट की ओर से हरी झंडी नहीं मिलेगी तो वह आगे काम कैसे बढ़ाएंगे? नाप मिल जाएगा तो अधिकतम दो दिन में सारे कपड़े तैयार हो जाएंगे। भगवत ने बताया कि उन्होंने रामलला की तीन पोशाक फिलहाल तैयार करके रखी हैं। इसमें एक सफेद, दूसरी पीली और तीसरी लाल रंग की है। भगवत के पास प्रदेश ही नहीं देशभर से भक्त फोन करके कपड़ों को तैयार कराने का ऑर्डर दे रहे हैं। जयपुर, मध्य प्रदेश, मकराना, गुजरात और हरिद्वार से ऑर्डर देने वालों की संख्या सबसे अधिक है। अब तक वह 25 हजार से ज्यादा सेट तैयार कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक ऑडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा, श्अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में केवल 11 दिन ही बचे हैं। मेरा सौभाग्य है कि मैं भी इस पुण्य अवसर का साक्षी बनूंगा। प्रभु ने मुझे प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सभी भारतवासियों का प्रतिनिधित्व करने का निमित्त बनाया है। इसे ध्यान में रखते हुए मैं आज से 11 दिन का विशेष अनुष्ठान आरंभ कर रहा हूं। मैं आप सभी जनता–जनार्दन से आशीर्वाद का आकांक्षी हूं। इस समय, अपनी भावनाओं को शब्दों में कह पाना बहुत मुश्किल है, लेकिन मैंने अपनी तरफ से एक प्रयास किया है।

# स्वामी विवेकानन्द से प्रेरणा लें युवा



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ फार्मेसी तथा स्वामी विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्स, ग्राम रिठिया पोस्ट महरीपुर में स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इसमे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अम्बिका सिंह , विशिष्ठ अतिथि राजेन्द्र नाथ तिवारी पूर्व प्रमुख कृष्ण चन्द्र सिंह, कर्नल के. सी. मिश्रा , कौशल दूबे विद्यालय के संस्थापक सत्य प्रकाश सिंह जी, द्वारा दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। वक्ताओं ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि युवा उनके योगदान से प्रेरणा लें। कार्यक्रम में विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. हनुमान सिंह जी, श्री पवन कुमार सिंह जी, राम प्रकाश सिंह , प्रहलाद सिंह , विद्यालय के निदेशक प्रदीप पाण्डेय , विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष तिवारी जी तथा विद्यालय के समस्त कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
वाद सं0 2404 / 2021
अदालत– श्रीमान जिलाधिकारी महोदय बस्ती जिला–बस्ती
रामबहाल
बनाम
सरकार आदि
1. सरकार उत्तर प्रदेश द्वारा जिलाधिकारी महोदय बस्ती
2. ग्राम प्रधान ग्राम मझौवा लाल सिंह तप्पा छपिया परगना रसूलपुर तहसील भानपुर जिला–बस्ती
**तारीख पेशी 17–01–20224**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 17 माह 01 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 12 माह 01 सन 2024 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
वाद सं0 T 201917140402572
धारा 34 भू0रा0अधि0
अदालत– श्रीमान नायब तहसीलदार महोदय रूधौली जिला–बस्ती
हरिशंकर आदि
बनाम
लखन
1. हरिशंकर पुत्र सन्तोष 2. प्रमिला पत्नी सन्तोष साकिनान मौजा मुड़ियार तप्पा रूधौली परगना मगहर पश्चिम तहसील रूधौली जिला–बस्ती
**तारीख पेशी 22–01–20224**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 22 माह 01 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 08 माह 01 सन 2024 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

# एम्स अधिकारी पर यौन उत्पीडन का आरोप



**संवाददाता–गोरखपुर।** एमबीबीएस की एक छात्रा हॉस्टल के कमरे के आवंटन के संदर्भ में वरिष्ठ प्रशासनिक अफसर के कार्यालय पहुंची थी। आरोप है कि इस दौरान अफसर ने छात्रा के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। छात्रा वहां से भागकर हॉस्टल पहुंच गई। घटना के बाद से छात्रा सदमे में बताई जा रही है। वह तीन दिन तक कमरे में बंद रही। अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान (एम्स) में एमबीबीएस की एक छात्रा ने संस्थान के वरिष्ठ अफसर पर अपने कार्यालय कक्ष में यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। घटना करीब 10 दिन पहले की है। चार दिन पहले जब छात्रा ने खुद को कमरे में बंद कर लिया, तब उसके घरवालों को जानकारी हुई और वे एम्स पहुंचे ।कार्यकारी निदेशक ने मामले की जांच विशाखा कमेटी की सौंप दी है। उधर, एम्स प्रशासन ने जांच पूरी होने तक आरोपी अफसर के परिसर में प्रवेश पर रोक लगा दी है। जानकारी के मुताबिक, करीब 10 दिन पहले एमबीबीएस की एक छात्रा हॉस्टल के कमरे के आवंटन के संदर्भ में वरिष्ठ प्रशासनिक अफसर के कार्यालय पहुंची थी। आरोप है कि इस दौरान अफसर ने छात्रा के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। छात्रा वहां से भागकर हॉस्टल पहुंच गई। घटना के बाद से छात्रा सदमे में बताई जा रही है। वह तीन दिन तक कमरे में बंद रही। इस दौरान उसने अपने परिजनों को सूचित किया।

बताया जा रहा है कि छात्रा का चार दिन तक मानसिक रोग विभाग में इलाज भी हुआ है। पीड़िता ने ई–मेल कर एम्स प्रशासन को उत्पीड़न की जानकारी दी है। उधर, मामले की जांच कर रही विशाखा कमेटी की रिपोर्ट शुक्रवार तक आने की उम्मीद है। इसके बाद कार्रवाई होगी। वहीं, आरोपी अफसर भी कई दिन से दफ्तर नहीं आ रहे हैं।

एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. जीके पाल ने बताया कि शिकायती ई–मेल मिला है। यह गंभीर व संवेदनशील मामला है। आरोपों की सत्यता परखी जा रही है। छात्रा से बात की गई है। उसे परिजनों के साथ रखा गया है। उनकी सुरक्षा में एम्स के कर्मचारी तैनात हैं। अगर घटना सही पाई गई तो दोषी अफसर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वह स्वयं गर्ल्स हॉस्टल गए थे। सभी छात्राओं से कहा है कि अगर कहीं कुछ गलत हो रहा है तो तत्काल अपनी समस्या बताएं।

## अदालती नोटिस

इत्तिलानामा बनाम रेपान्डेन्ट बावत इत्तिला तारीख मुकर्ररह समायत अपील
निगरानी सं0 C 201917000000379
अदालत–श्रीमान अपर आयुक्त प्रशान मण्डल महोदय बस्ती जिला–बस्ती
आरती देवी
बनाम
फारूख अहमद आदि
1. फारूख अहमद 2. एहसानुल्लाह पुत्रगण शोहरत निवासी ग्राम लोहरौली तप्पा वैनिया परगना रसूलपुर तहसील डुमरियागंज जिला सिद्धार्थनगर 3. नजीबुन्निशा पत्नी शोहरत 4. अजीजुन्निशा पत्नी अब्बास 5. जोखई पुत्र भरोसे 6. संवारे पुत्र मुसई 7. रामतीरथ पुत्र ज्ञानदास साकिनान लोहरौली तप्पा वैनिया परगना रसूलपुर तहसील डुमरियागंज जिला सिद्धार्थनगर 8. उमाशंकर सिंह पुत्र विश्वजीत 9. रमापति सिंह 10. अमित सिंह पुत्रगण श्रीपत सिंह 11. श्याम बहादुर सिंह पुत्र निरमान सिंह साकिनान सिकटा तप्पा वैनिया परगना रसूलपुर तहसील डुमरियागंज जिला सिद्धार्थनगर
–रेस्पाडेन्ट प्रथम वर्ग
12. ग्राम पंचायत लोहरौली द्वारा प्रधान / अध्यक्ष भू0प्र0स0 ग्राम पंचायत लोहरौली तप्पा वैनिया परगना रसूलपुर तहसील डुमरियागंज जिला सिद्धार्थनगर –रेस्पाडेन्ट द्वितीय वर्ग
**तारीख पेशी 08–02–2024**
अपील बनराजी अदालत मुकाम बस्ती
मयरिखा महीना सन् ई0
रेस्पान्डेन्टस

इत्तिला दी जाती है कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमें में मुसम्मी ने पेश इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और इस अदालत व तारीख 08 महीना 02 सन 2024 ई0 वास्ते जमानत तथा अपील मुकर्रर का है।

अगर खुद या आपके वकील या और शख्स जो कानूनन आपकी तरफ से अपील हाजा में जबाब सवाल करने वाजिद हो हाजिर न आयेगा तो उसकी समायत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में एकतरफा हो जायेगी।

आज बतारीख माह सन 20 ई. मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के हवाले किया गया।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय–श्रीमान प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय बस्ती जिला–बस्ती
वाद सं0 206 / 2023
जय प्रकाश
बनाम
रेखा देवी
रेखा देवी उम्र लगभग 30 वर्ष पत्नी जय प्रकाश साकिन सरैया मिश्र पोस्ट गोपियापार तप्पा खुरियार परगना नगर पश्चिम तहसील हरैया जिला–बस्ती हाल मुकाम पुत्री इन्द्रदेव साकिन भुअरनिरंजनपुर तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव पोस्ट गांधीनगर तहसील व जिला–बस्ती
**तारीख पेशी 09–02–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 09 माह 02 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

**दैनिक भारतीय बस्ती**
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय
प्रबन्ध सम्पादक–दिनेश सिंह
संयुक्त सम्पादक–प्रदीप चन्द्र पाण्डेय
अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय– चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
लखनऊ कार्यालय– आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
गोरखपुर कार्यालय– इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेलbhartiyabasti@yahoo.com
bhartiyabasti@gmail.com